संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े ........
02 मार्च 2025, रविवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 151
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## बिहार रे बर्ड फ्लू ते आयमा का़हूँको गो़च् एना

**पटना।** बिहार रेयाक् जहानाबाद जिला रे सोर दिन गे होयेन बेसाधारो़न घो़टो़ना ते हो़ड़कोय चिंता़ ओचोवाकात्कोआ। 18 फरवरी हिलोक्आयमा का़हूँको गो़च्एन रेयाक् कारो़नको ला़येत् काना जे बर्ड लू काना। जिला पोरसासो़न दो़ नोआ मामला रे कुड़पाड़ तुलुच् सो़न्तो़र ते ताहेंने हुकुम आकादा। अधिकारीकोवाक् मेन काना जेकोलकाता रेयाक् आरडीडीएल संस्थान रेयाक् जांच रिपोर्ट रे गो़च् का़हूँको रे एच5एन1 वायरस रेयाक् पुसटा़उ आकाना।

# विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है : हेमंत सोरेन

## देश की राजनीति में युवा चेहरे आगे आ रहे हैं : हरिवंश



संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है। इस सदन में भले हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हो, लेकिन इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है, जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है।सोरेन शनिवार को झारखंड विधानसभा सभागार में विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विधायक जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है। यहां सभी धर्म समुदाय के हक अधिकार की आवाज गूंजती है।

### देश का सबसे युवा विधानसभा झारखंड विधानसभा : हरिवंश

कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने संसदीय विशेषाधिकार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की की देश का सबसे युवा विधानसभा झारखंड विधानसभा है। इस बार नए विधायक चुनकर आए हैं। इनके अलावा महिला विधायकों की संख्या भी 12 है।

### सत्ता पक्ष और विपक्ष का उद्देश्य राज्य को बेहतर बनाना : स्पीकर

इस अवसर पर स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष का मुख्य उद्देश्य राज्य को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि विधायकों और मंत्रियों को शोर शराबा और व्यवधान डालकर सदन के बहुमूल्य समय को बर्बाद नहीं करना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जनता विधायकों को चुनती है और चुने हुए विधायक बहुमत के आधार पर मुख्यमंत्री का चयन करते हैं। वही चुने हुए विधायक राजकोष के संरक्षक के रूप में भी होते हैं।

उपसभापति ने कहा कि देश की राजनीति में युवा चेहरे आगे बढ़कर आ रहे हैं। हाल में ही संपन्न हुए जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में अभी बड़ी संख्या में युवा विधायक चुनकर आए हैं। जबकि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी कुछ इसी तरह के आकड़े आए हैं।

### संसदीय व्यवस्था मजबूत होने से राज्य का विकास होता है : राधा कृष्ण

संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा की संसदीय व्यवस्था मजबूत होने से राज्य का समावेशी विकास होता है। सरकार की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समावेशी विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच आर्थिक और राजनीतिक सुचिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड को अपने आय के स्रोत को बढ़ाने की जरूरत है।केंद्र सरकार से हमें अपनी बकाया कर की राशि मिलनी चाहिए।मौके पर वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह ने भी अपने अनुभवों को बेबाकी के साथ सबके समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि झारखंड में लगभग 35 दोनों का सत्र 1 वर्ष में संचालित किया जाता है जबकि कार्य दिवस की कुल संख्या कम से कम 60 दिनों की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि सरकार किसी भी दल की हो खुद सरकार ही नहीं चाहती है कि सदन अधिक से अधिक दिन तक चले।
इस कार्यक्रम में उपसभापति, राज्यसभा हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित मंत्रीगण, विधायकगण, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मानिक लाल हेंब्रम, पी. आर. एस चक्षु राय समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है : मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता और विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। बजट से पहले सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे। अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में आपकी भूमिका और बढ़ गई है। हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाने में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हों।
उन्होंने बजट में पीएम धन धान्य योजना की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने बजट में पीएम धन धान्य कृषि योजना का ऐलान किया है। इसके तहत देश के 100 सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले जिलों के विकास पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लोगों में पोषण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। इसलिए बागवानी, डेयरी और फिशरी प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए इन क्षेत्रों में काफी निवेश किया गया है। फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा भी की गई है।

## अब पासपोर्ट के लिए बर्थ सर्टिफिकेट को ही जन्मतिथि का प्रमाण माना जाएगा, आवेदन करने के नियमों में संशोधन

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने पासपोर्ट बनवाने वालों के लिए नियमों में संशोधन किया है। नए संशोधनों के मुताबिक अब 1 अक्टूबर 2023 को या उसके बाद पैदा हुए आवेदकों के लिए सरकारी और उपयुक्त अधिकारियों द्वारा जारी किया गया बर्थ सर्टिफिकेट ही जन्मतिथि का एकमात्र प्रमाण होगा। इसके न होने की स्थिति में जन्म तिथि को सही नहीं माना जाएगा। केंद्र सरकार ने इस सप्ताह 1980 के पासपोर्ट नियमों में संशोधनों को प्रभावी करते हुए एक आधिकारिक नोट जारी किया था। इस नोट में बताया गया था कि संशोधनों के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद नए नियम लागू हो जाएंगे। इन नए नियमों के मुताबिक 1 अक्टूबर 2023 को या उसके बाद पैदा हुए लोगों की जन्म तिथि के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। यह जन्म प्रमाण पत्र किसी जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार, नगर निगम या जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत शक्ति प्राप्त किसी उपयुक्त अधिकारी द्वारा जारी होने चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### रमजान का चांद आया नजर, आज से रखा जाएगा रोजा

**रांची ।** झारखंड में इस साल रमजान का महीना रविवार से शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में खासा उत्साह और उल्लास देखा जा रहा है। शनिवार को चांद दिखने के साथ ही रमजान के आगाज की पुष्टि हो गई। अब रविवार से रोजे शुरू हो जाएंगे। यह महीना मुसलमानों के लिए बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इस दौरान रोजे रखने के साथ-साथ पांच वक्त की नमाज और रात में तरावीह की नमाज अदा की जाती है। इन धार्मिक कर्तव्यों के कारण मस्जिदों में रोजेदारों की संख्या बढ़ जाती है।

### महाकुंभ में अनुमानत : 3 लाख करोड़ का हुआ कारोबार

**नई दिल्ली ।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 न केवल धार्मिक आस्था का संगम बना, बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ा बूस्टर साबित हुआ है। करोड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी और उनके द्वारा किए गए खर्चों ने व्यापार और उपभोग में जबरदस्त उछाल दिया। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार, महाकुंभ से भारत को वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

## जमीन विवाद मामले में मंत्री इरफान और फुरकान अंसारी की कोर्ट में हुई पेशी



संवाददाता

**दुमका ।** जमीन विवाद में मंत्री इरफान अंसारी एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी एमपी-एमएलए के विशेष अदालत में शनिवार को पेशी हुई। पेशी एमपी-एमएलए के विशेष अदालत के न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में हुई। अदालत में 10 आरोपितों का बयान दर्ज हुआ। अगली तिथि 26 मार्च को निर्धारित है। जहां बचाव पक्ष की गवाही होगी। इससे पहले सूचक के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया था कि मामला हाई कोर्ट में लंबित है। जब तक इसकी सुनवाई नहीं हो जाती है, तब तक इस केस में बयान दर्ज नहीं किया जाये।
उल्लेखनीय है कि इस केस में मंत्री सह जामताड़ा कांग्रेस विधायक सहित कुल दस आरोपित है। यह मामला मधुपुर की एक जमीन विवाद से जुड़ा है। इसमें वर्तमान में बीएसएनएल का टावर लगा है। इस पर फुरकान अंसारी का कब्जा है। विपक्षी पार्टी की ओर से जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। सूचक के आवेदन पर मधुपुर थाना में (कांड संख्या 145/2011) के तहत भादवी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ था।

## देशभर की अदालतों में 5.2 करोड़ मामले लंबित : न्याय प्रणाली के लिए बड़ी चुनौती



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे न्याय प्रक्रिया धीमी हो रही है और न्याय मिलने में देरी हो रही है। देश की न्यायपालिका तीन स्तरों पर काम करती है–सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट और जिला अदालतें। इन अदालतों में मामले मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं–सिविल और आपराधिक।वर्ष 2025 में, देशभर में 5.2 करोड़ (52 मिलियन) से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें से 1.8 लाख से अधिक मामले 30 साल से अधिक समय से लंबित हैं। सबसे अधिक 4.5 करोड़ मामले (85प्रतिशत) सिर्फ जिला अदालतों में लंबित हैं।
हालांकि मामलों के निपटारे में तेजी लाने के लिए सरकार और न्यायपालिका विभिन्न उपायों पर विचार कर रही हैं, जिनमें डिजिटल कोर्ट सिस्टम, वैकल्पिक विवाद समाधान, लोक अदालतों को बढ़ावा देना, और न्यायधीशों की संख्या में वृद्धि शामिल हैं। हालांकि, जब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते, तब तक न्याय मिलने में देरी बनी रहेगी और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत में लंबित मामलों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। कई न्यायाधीशों और सरकारी अधिकारियों ने इसे भारतीय न्याय प्रणाली के सामने सबसे बड़ी चुनौती करार दिया है। नीति आयोग की 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, यदि उसी गति से मामलों का निपटारा होता रहा, तो पूरा बैकलॉग खत्म करने में 324 साल लग सकते हैं।वर्तमान में न्याय मिलने में हो रही देरी के गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। 2022 में बिहार की एक अदालत ने एक व्यक्ति को सबूतों के अभाव में हत्या के आरोप से बरी कर दिया, लेकिन वह पहले ही 28 साल जेल में बिता चुका था।देश में लंबित मामलों में भूमि और संपत्ति विवाद सबसे बड़ा हिस्सा रखते हैं। कुल लंबित मामलों में से 20 प्रतिशत भूमि और संपत्ति से जुड़े हुए हैं, जो कि सभी सिविल मामलों का 66 प्रतिशत है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा निपटाए गए 25 प्रतिशत मामले भूमि विवादों से जुड़े होते हैं।

## जानबूझकर ऋण खाता को फ्रॉड घोषित न करें बैंक : हाईकोर्ट

एजेंसी

**मुंबई ।** मुंबई हाईकोर्ट ने बैंकों द्वारा ऋण खातों को डिफाल्टर और फ्रॉड घोषित करने के मामले में कड़ी चेतावनी दी है। हाईकोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी की याचिका पर यह निर्णय सुनाया है। अनिल अंबानी ने यूनियन बैंक आफ इंडिया से ऋण लिया था। बैंक ने अनिल अंबानी के ऋण खाते डिफॉल्ट में डालकर फ्रॉड घोषित कर कार्रवाई शुरू कर दी। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों का पालन बैंक द्वारा नहीं किया गया।
यूनियन बैंक ने जानबूझकर अनिल अंबानी के बैंक खाते को डिफाल्टर घोषित करके फ्रॉड की श्रेणी में डालकर कार्यवाही शुरू कर दी गई थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, बैंकों को अपना दिमाग लगाना चाहिए। बैंकों में जनता का पैसा लगा है। हाईकोर्ट ने कहा कि बैंकों के इसी तरह के मामले बार-बार सामने आ रहे हैं।

## लालू, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ चलेगा केस

### सीबीआई ने कोर्ट में दी दलील कहा- हमारे पास पर्याप्त सबूत मौजूद



एजेंसी

**पटना ।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें फिर बढ़ने वाली हैं। लालू के साथ ही अब उनके परिवार पर भी सीबीआई ने शिकंजा है। सीबीआई ने दिल्ली की एक कोर्ट से कहा कि भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम में अनियमितताओं से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।
सीबीआई ने यह दलील विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दी, जिन्होंने लालू प्रसाद, उनकी पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी और बेटे एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ मामले में आरोपों पर दलीलें सुनी। मामले में लगाए गए आरोपों में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार शामिल हैं, जिसके लिए कम से कम सात साल की जेल हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि आरोप के पहलू पर सीबीआई की ओर से आंशिक दलीलें सुन ली गई हैं। कोर्ट ने सीबीआई को मामले में दस्तावेजों की सूची पेश करने का निर्देश दिया है।

## उत्तराखंड हिमस्खलन में चार श्रमिकों की मौत, पांच की तलाश जारी

एजेंसी

**देहरादून ।** उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा क्षेत्र में हुए हिमस्खलन में रेस्क्यू अभियान अभी भी जारी है। सेना के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस हिमस्खलन में फंसे 55 श्रमिकों में से 50 को निकाला गया है, जिसमें चार की मौत हो गयी, जबकि पांच श्रमिकों की तलाश अभी जारी है।
चमोली जिले के माणा क्षेत्र में हाई-वे चौड़ीकरण के दौरान 55 श्रमिक शुक्रवार को हिस्खलन की चपेट में आ गए थे। हादसे के बाद से ही रेस्क्यू अभियान जारी है और शनिवार सुबह हिस्खलन में फंसे 55 श्रमिकों में से 50 का रेस्क्यू किया गया। इसमें से चार श्रमिकों ने दम तोड़ दिया। सेना ने चार श्रमिकों की मौत की पुष्टि की है।
मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता और जीओसी उत्तर भारत क्षेत्र लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा हिमस्खलन क्षेत्र में चल रहे खोज और बचाव कार्यों का निरीक्षण किया।

## गोड्डा : ऑटो व बाइक में टक्कर, दो की मौत, पांच घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गोड्डा ।** जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र स्थित मधुरा-मड़पा मुख्य मार्ग पर बीती रात ऑटो एवं मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर में सात लोग घायल हो गए। इस दौरान दो व्यक्ति की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल है। वहीं इस घटना की सूचना मिलने पर बलबड्डा थाना प्रभारी अमित मार्की दल- बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों का इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा पहुंचाया। वहीं दो व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल है। वहीं बताया गया कि घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया जिसमें एक अत्यधिक घायल महिला को भागलपुर स्थित मायागंज अस्पताल व दूसरा घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल गोड्डा रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य तीन घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक सवार शराब के नशे में धूत था जिस कारण यह घटना घटित हुई है।
बाइक काफी तेज रफ्तार में होने के कारण अपना संतुलन खो दिया और सामने से आ रही ऑटो से जा टकराई, जिस कारण सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो पर सवार लोग बलबड्डा से अपने घर प्रतापपुर व कजरैल जा रहे थे, इसी क्रम में मधुरा के तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर ऑटो से टकरा गई जिससे ऑटो एवं बाइक पर सवार लोग दुर्घटना का शिकार हो गए। वहीं दोनों मृतक युवक की पहचान मंगल कुमार राम, उम्र करीब 24 वर्ष और संतोष कुमार, उम्र करीब 22 वर्ष के रूप में की गई। फिलहाल पुलिस इस पूरे घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सदन में बगैर तैयारी के पहुंच रहे हैं मंत्री

## सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ भी हो रही नोक झोंक

राज्य और राजनीति

चंदन मिश्र

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो चुका है। बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होने के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पास हो चुका है । अनुपूरक बजट पर चर्चा हो चुकी है। इसे विधानसभा से पारित भी कर दिया गया है। सोमवार को नए वित्तीय वर्ष के लिए बजट पेश किया जाएगा। इसके पहले शुक्रवार को आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश हो चुकी है। विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान इन दिनों सत्ता पक्ष के विधायकों और सरकार के मंत्रियों के बीच तीखी नोक-झोंक देखी जा रही है। विपक्ष तो सरकार के साथ भिड़ता ही है लेकिन इस बार सत्ता पक्ष के कई विधायकों को मंत्रियों के जवाब से असंतुष्ट देखा जा रहा है और उसका नतीजा यह है की विधायक सदन में ही मंत्रियों के रवैये से उनसे जूझते दिखाई देते हैं। ऐसा समझा जा रहा है कि सदन में आने के पहले मंत्री प्रश्नोत्तर को लेकर पूरी तैयारी नहीं करते हैं। मंत्री अधिकारियों के समझाने और लिखित उत्तर दिए जाने के कारण उन पर ज्यादा निर्भर हो गए हैं। विपक्ष की असंतुष्टि तो समझ में आती है, लेकिन सत्ता पक्ष के विधायक भी यदि मंत्रियों के जवाब से संतुष्ट नहीं हों तो सरकार की किरकिरी हो जाती है। आए दिन अभी यही हो रहा है।
झारखंड की वर्तमान सरकार में आधे से ज्यादा मंत्री नए नवेले हैं। विधायक बनने के बाद वह पहली बार मंत्री बने हैं। ऐसे मंत्रियों के पास कार्य का अनुभव भी नहीं है। साथ ही मंत्री जवाब देने के पहले या सवालों के जवाब तैयार करने के दौरान अधिकारियों से कोई चर्चा या समीक्षा नहीं करते हैं। अधिकारी जिस तरह का जवाब तैयार करते हैं या मंत्रियों को जो बातें समझा देते हैं मंत्री उसे सदन में वैसे ही पेश कर देते हैं। पिछले सप्ताह सदन में सत्ता पक्ष के विधायक प्रदीप यादव, विक्सल कोनगाड़ी सहित कई विधायकों को मंत्रियों के साथ तीखे सवाल जवाब करते देखा गया। सदन में ऐसी अप्रिय स्थिति होने से सरकार के कामकाज की प्रणाली परिलक्षित होती है। विपक्ष के सवालों से तो सत्ता पक्ष के मंत्री आसानी से निपट लेते हैं लेकिन जब सत्ता पक्ष के ही सदस्य सरकार के मंत्रियों को सदन में घेरते हैं तब सरकार की फजीहत साफ दिखाई देती है।
नई विधानसभा में एक बात और साफ दिखाई दे रही है कि नए सदस्यों को विधायकी की प्रॉपर ट्रेनिंग नहीं होने के कारण सदन में कौन क्या जवाब दे दे यह पता ही नहीं चल पाता है।
शुक्रवार को सदन में उस समय काफी अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो गई जब एक नए विधायक जयराम महतो ने सरकार के अनुपूरक बजट प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का इस कदर बोलबाला है कि आम आदमी त्रस्त है। उन्होंने कहा कि आज से दो दशक पहले राज्य में नक्सलियों के भय से थाना के अधिकारी, अंचल कार्यालय और प्रखंड कार्यालय के अधिकारी रिश्वत मांगने से डरते थे। लेकिन आज स्थिति बिल्कुल पलट गई है।
विधायक जयराम महतो ने नक्सलियों के कामकाज का विरोध ही किया लेकिन उनके इस वक्तव्य पर कृषि मंत्री नेहा तिर्की को आपत्ति हो गई और वह अपनी जगह पर खड़े होकर विधायक के इस बयान पर विरोध दर्ज करने लगीं। कुछ देर तक दोनों के बीच नोक झोंक होती रही। हालांकि स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने मंत्री को समझने का काफी प्रयास किया लेकिन मंत्री और विधायक के बीच देर तक बकझक देर तक चलती रही। विधायक जब अपने अंदर आत्म अनुशासन नहीं लाएंगे, बोलने के तौर तरीके नहीं सीखेंगे और मंत्री संसदीय प्रणाली के तहत अपना कामकाज नहीं सीखेंगे, सदन में कैसे पेश आए, यह नहीं जानेंगे तब तक यह स्थिति बनी रहेगी।
इसी पृष्ठभूमि में विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन वर्ग आयोजित किया है। प्रबोधन वर्ग के आज उद्घाटन के दिन 81 विधायकों और मंत्रियों के बीच मात्र डेढ़ दर्जन विधायक और मंत्री ही शामिल हुए। इससे यह समझ जा सकता है की नये मंत्री और विधायक ना तो संसदीय व्यवस्था सीखना चाहते हैं और ना ही ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होकर वह नई बात जानना चाहते हैं।

## झारखंड में तीन से चार डिग्री बढ़ेगा तापमान

रांची(हि.स.)। राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आनेवाले चार पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की सम्भावना है।यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को व्यक्त की है। विभाग के अनुसार राज्य भर में फिलहाल मौसम साफ रहेगा। इससे तापमान में वृद्धि होगी।उल्लेखनीय है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य के लगभग 12 जिलों में मौसम में बदलाव हुआ था। इसके प्रभाव से रांची में भी शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई थी।हालांकि बाद में मौसम साफ हो गया।वहीं शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री, जमशेदपुर में 34.8, डालटेनगंज में 33.7 और बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में नए प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण, बच्चों ने पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित

पाकुड़। शनिवार को ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल, पाकुड़ में नए प्राचार्य के रूप में गौतम बेपारी ने योगदान दिया। बच्चों ने पुष्पगुच्छ देकर नये प्राचार्य का स्वागत किया। शिक्षिका प्राणु प्रधान ने बच्चों को उनका परिचय दिया । निदेशक मनोज भगत ने प्राचार्य का अभिनन्दन करते हुए बताया की श्री बेपारी मूल रूप से बेरकपुर, कोलकाता के निवासी हैं। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। विद्यालय उनके अनुभव से लाभान्वित हो सकेंगे। प्राचार्य श्री बेपारी ने अपने सम्बोधन में की उन्हें अंग्रेजी, हिंदी, बंगला और उड़िया भाषाओं का ज्ञान है। उन्होंने अपने केरियर की शुरुआत नॉर्थ पॉइंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल, कोलकाता से समाज शास्त्र के अध्यापक के रूप में किया था। इसके बाद उन्होंने सेंट पोल्स स्कूल राजस्थान, माउन्ट लिटेरा जी स्कूल पटना सहित उड़ीसा, कर्नाटक, आँध्रप्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में विभागाध्यक्ष, उप-प्राचार्य, प्राचार्य आदि पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया की आज के तेजी से बदलते युग में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बच्चों का सर्वांगीण शारीरिक और मानसिक विकास आवश्यक है, अतः प्राचार्य के रूप में यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनपर विश्वास जताकर उन्हें प्राचार्य जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेवारी देने के लिये विद्यालय प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि वे इस जिम्मेवारी पर खरे उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और अनुशासन के साथ-साथ शिक्षा को और भी रुचिकर बनाने का प्रयास करेंगे।

## कुलाधिपति से आरयू के डॉ अनमोल को उप निदेशक के पद से हटाने की मांग

रांची(ईएमएस)। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सह सिंडीकेट सदस्य डॉ अटल पांडेय ने राज्यपाल कार्यालय को पत्र लिखकर डॉ अनमोल कुमार लाल को उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक के पद से अविलंब हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि डॉ अनमोल अपनी सेवा अवधि तीन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, लेकिन राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा उन्हें 3 महीने का अवधि विस्तार दिया गया है, जो नियम के विरुद्ध है।कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्णय में स्पष्ट है कि वैसे उपनिदेशक जिनकी प्रतिनियुक्ति अवधि 3 वर्ष पूरी हो जाती है, वह तीन वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने की तिथि से स्वतः विरमित समझे जाएंगे। साथ ही मूल महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में अपना योगदान समर्पित करते हुए निदेशालय को सूचित करेंगे। भविष्य में यह आदेश स्वतः लागू समझा जाएगा। ऐसे में क्या इस निर्णय के विरुद्ध जाकर सरकार और उच्च शिक्षा मंत्री को अंधेरे में रखकर डॉ अनमोल को सेवा अवधि विस्तार प्रदान कर दी गई है।

## महिलाओं के सशक्तिकरण से ही बढ़ेगा समाज - जस्टिस प्रसाद



बोकारो, 01 मार्च (हि.स.)।हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा है कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल लोगों के कल्याण के लिए है। बच्चों को जन्म से पहले और बाद में कैसे स्वस्थ रखें। इस पर ध्यान देने की जरूरत है।उन्होंने लोगों से विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं से अवगत कराने को कहा। न्यायाधीश शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो की ओर से आदिम जनजातियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए राज्य स्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर में बोल रहे थे।शिविर का डीवीसी चंद्रपुरा, बोकारो में किया गया था। उन्होंने लोगों से राज्य के बिरहोर और पहाड़िया जनजाति को मुख्य धारा में जोड़ने पर भी बल दिया।कार्यक्रम में हाई कोर्ट के न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कमजोर वर्गों को न सिर्फ विधिक सहायता बल्कि उनका सशक्तिकरण कैसे हो इस पर ध्यान देने की जरूरत है। न्यायाधीश ने डायन प्रथा पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि डायन प्रथा अब भी समाज में है, यह चिंता का विषय है।विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर में राज्य के विभिन्न विभागों सीसीएल, डीवीसी और बैंकों के लगभग 25 स्टॉल भी लगाए गए थे। इस अवसर पर कुल 200439 लाभुकों के बीच कुल एक अरब 65 करोड़ 44 लाख 51 हजार 716 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में हाई कोर्ट के कई न्यायाधीश सहित अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी छह को आएंगे झारखंड

रांची। झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू झारखंड दौरे के दूसरे चरण में छह मार्च को पांच दिवसीय प्रवास पर सुबह नौ बजे रांची पहुंचेंगे। इस संबंध में कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि रांची पहुंचने के बाद प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां एक बजे से वे पलामू,लातेहार,गढ़वा जिला के अध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।इसके बाद प्रभारी शाम पांच बजे लातेहार के लिए रवाना होंगे।वहीं सात मार्च को वे लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वे सुबह 11 बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के जिला, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद के राजू रांची के लिए रवाना होंगे।राकेश सिन्हा ने बताया कि आठ मार्च को प्रभारी रांची के मांडर में आयोजित प्रतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम के बाद बोकारो के लिए रवाना होंगे।वहीं वे नौ मार्च को गोड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे गोड्डा,पाकुड़,साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे देवघर के लिए रवाना होंगे तथा 10 मार्च को देवघर जिला कांग्रेस मुख्यालयों में देवघर, जामताड़ा और दुमका के जिला प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## महिला ने पुत्र के साथ कुएं में कूदकर दे दी जान

खूंटी (हि.स.)। कर्रा थाना क्षेत्र केसावड्डा ग्राम निवासी बिजला बारला की पत्नी झालो बारला (38 )ने शुक्रवार रात अपने घर से कुछ दूर एक कुआं में अपने तीन वर्षीय पुत्र के साथ छलांग लगा दी। जहां डूबने से दोनों की मौत हो गई।शनिवार को घटना की सूचना कर्रा थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों कोसौंप दिया।मिली जानकारी के अनुसार झालो बारला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। हाल के दिनों में वह नशापान भी करने लगी थी।बताया गया कि शुक्रवार रात वह अपने तीन बच्चों को लेकर घर से थोड़ी दूर स्थित उक्त कुएं के पास गई थी। उसकी मंशा तीनों बच्चों के साथ कुएं में कूदने की थी। उसके दो बड़े बच्चे अपनी मां की इस मंशा को भांपकर वहां से भाग गए।वहीं, झालो ने पीठ में बंधे तीन वर्षीय बेटे के साथ कुआं में छलांग लगा दी। बताया गया कि मजदूरी का काम करने वाले उसके पति बिजला उरांव घटना की रात घर में मौजूद नहीं था।

# जामताड़ा साइबर पुलिस को मिलेगा नया थाना भवन, स्वास्थ्य मंत्री ने किया शिलान्यास



**संवाददाता**

**जामताड़ा ।** साइबर अपराध को रोकने के दिशा में एक अच्छी पहल की शुरुआत हो गई। जामताड़ा विधायक सह झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शनिवार को पर्वत बिहार के समीप नए साइबर थाना के भवन का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जामताड़ा को साइबर अपराध के लिए बदनाम किया जाता है जबकि यहां पर 90त्न तक साइबर अपराध मुक्त हो चुका है। इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है और जिले के पुलिस प्रशासन भी सक्रिय होकर अपना कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा मंत्री ने बताया कि पहला साइबर थाना शिर्फ दो कमरों में संचालित हो रहा था। जिससे पुलिसकर्मियों को कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब यह भवन बन जाने से पुलिस को बेहतर सुविधा मिलेगी, जिससे वह और बेहतर ढंग से काम कर सकेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जामताड़ा को पूरी तरह साइबर अपराध से मुक्त करने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी जारी रहेगा। वहीं उन्होंने कहा कि हमारे विधानसभा में साइबर अपराध बहुत ही काम है जबकि हमारे बगल के सारठ विधानसभा हैं जहां पर धड़ल्ले से होती है साइबर अपराध। वही मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारीब ने कहा कि जामताड़ा साइबर पुलिस को एक नया भवन मिलने जा रहा है, जो साइबर अपराधियों में डर पैदा करेगा और साइबर पुलिस को कार्य करने में मजबूती मिलेगा।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराध को खत्म करने के लिए हमारी पुलिस टीम के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है और साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा रहा है। नए साइबर थाना भवन के निर्माण से साइबर पुलिस को काफी समाधान उपलब्ध होंगे, जिसे साइबर अपराध हो पर और प्रभावित तरीके से लगाम लगाई जा सकती है।

## फसल राहत योजना का पैसा भेजने के नाम पर दो किसानों से साइबर ठगी

**पलामू, (हि.स.)।** फसल राहत योजना का पैसा भेजने के नाम पर दो किसानों से साइबर ठगी की गयी। उनके खाते से हजारों रूपए गायब कर दिए गए। 19 हजार 288 रूपए गायब हो जाने की शिकायत करते हुए दोनों किसानों ने तरहसी थाना में शनिवार को आवेदन दिया है। एक किसान के खाते से 7896.65 रूपये, जबकि दूसरे के खाते से 11393 रूपये गायब हुए हैं।प्रभावित किसानों में तरहसी प्रखंड क्षेत्र के काजीपकरी के रहने वाले समदयाल कुमार (25) एवं राजेन्द्र सिंह (45) शामिल हैं।समदयाल के खाते से 7896.65 रूपए, जबकि राजेन्द्र के खाते से 11393 रूपए गायब हुए हैं। राजेन्द्र के खाते से पहले 8196 फिर 3197 रूपए गायब हुए।समदयाल ने बताया कि शनिवार को साइबर अपराधियों ने फोन करके बताया कि उसके पिता के नाम से फसल राहत योजना का पैसा भेजा गया है। फोन पे चलाते हैं तो बैलेंस चेक कीजिए। समदयाल ने जैसे ही फोन पे खोलकर बैलेंस चेक किया, उसके खाते से 7896.65 रूपए गायब हो गए।इसी तरह राजेन्द्र को भी फोन आया और बातचीत के क्रम में फसल राहत योजना का भुगतान खाते में हो जाने की जानकारी दी गयी। फोन पे खोलने को कहा गया। राजेन्द्र ने जब बताया कि उसे फोन पे चलाने नहीं आता है तो फोन पर मौजूद शख्स ने बातचीत करते करते पहले 8196 और फिर 3197 रूपए खाते से निकाल लिए।तकनीकी जांच के बाद पता चला है कि कोई मो. कलीम शाह ने दोनों किसानों के खाते से रूपए गायब किए हैं। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच कर मामला दर्ज किया जायेगा।इधर इस तरह का कॉल आने से अन्य किसानों को अलर्ट किया गया है और किसी तरह का जवाब नहीं देने की अपील की गयी है।

## 10 दिवसीय सूअर पालन प्रशिक्षण प्रारंभ

पाकुड़ । शनिवार को सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में लिट्टीपाड़ा में प्रखंड के जेएसएलपीएस के सखी मंडल की दीदियों का सुअर पालन पर दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।जिसका उद्घाटन जिला अग्रणी प्रबंधक धनेश्वर बेसरा और वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने संयुक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।धनेश्वर बेसरा ने दीदियों को संबोधित करते हुए सुअर पालन के महत्व की जानकारी दी। अमित कुमार बर्धन ने कहा की सखी दीदी हुनर का उपयोग कर स्वालंबी बन सकती हैं। दीदियों को जेड पालन के साथ साथ विपणन, उदमी योग्यता, समय प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग, बीमा आदि से संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर संकाय वापी दास,कार्यलय सहायक शिबू कुनाई और मोतीलाल साहा मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रशिक्षिका सुश्री सुनीता हेंब्रम रही।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनाव- राहुल मुर्मू बने अध्यक्ष, संजीव कुमार महामंत्री

रांची, 01 मार्च (हि.स.)। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे शुक्रवार देर रात घोषित कर दिए गए। 28 फरवरी को हुए मतदान में कुल 1056 मतदाताओं में से 996 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गिनती के बाद घोषित परिणामों में राहुल कुमार मुर्मू को अध्यक्ष, रोहित रजक और महताब आलम को उपाध्यक्ष, संजीव कुमार को महामंत्री, राकेश कुमार पांडे और संतोष महतो को संयुक्त सचिव तथा मंटू कुमार को संगठन सचिव चुना गया।इस बार एसोसिएशन के सात पदों के लिए कुल 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे।

## अवैध संबंध की वजह से पत्नी की हुई थी हत्या

**संवाददाता**

**पलामू ।** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के टरिया में विनीता देवी की मौत मामले में चौकाने वाला खुलासा किया गया है। विनीता के पति का उसकी मामी के साथ अवैध संबंध था। विनीता जब जान गयी तो उसकी हत्या कर दी गयी और फंदे पर लटका दिया गया, ताकि खुदकुशी साबित हो जाए।मृतका के पिता उदय सिंह ने विनीता की हत्या को लेकर उसके पति अर्जुन पासवान, ससुर गजेन्द्र पासवान, सास और गोतनी के खिलाफ थाना में शनिवार को एफआइआर दर्ज करायी है।मृतका के पिता उदय के अनुसार दो साल से विनीता और अर्जुन के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। अर्जुन के बहकावे में आकर विनीता दस माह पहले घर से मां का गहना लेकर बाहर भाग गयी थी। उस वक्त विनीता चार माह की गर्भवती थी। अर्जुन उसकी बेटी को बाहर ले जाकर रखा और कुछ दिन बाद छोड़कर भाग गया। बुलाने पर नहीं गया। उसकी बेटी जो गहने लेकर गयी थी, उसी को बेचकर बाहर में जीवनयापन किया। अगस्त 2024 को विनीता की डिलेवरी हुई। बच्चे को जन्म देने के बाद भी अर्जुन और उसके घर वाले उससे शादी करने को तैयार नहीं थे।मेदिनीनगर महिला थाना में मामला दर्ज कराने के बाद अर्जुन का पूरा परिवार वहां पहुंचा और दबाद डालने एवं समझाने पर शादी के लिए तैयार हुआ। कोर्ट से भी शादी करने की बात कही गयी, लेकिन वे लोग मंदिर से शादी करके के एक सप्ताह बाद कोर्ट से भी शादी कर लेने की बात कही, लेकिन शादी नहीं की। शादी के चार माह बाद 27 फरवरी को अर्जुन पासवान और उसकी मामी के बीच अवैध संबंध की जानकारी विनीता को हुई। जब इस संबंध में अर्जुन, गजेन्द्र और उसके परिवार को जानकारी हुई तो सभी ने मिलकर पहले उसकी बेटी के साथ मारपीट की और फिर 28 फरवरी शुक्रवार को फांसी पर चढाकर खुदकुशी का रूप दे दिया।

उदय ने मामले में जांच कर सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जांच में 19 फरवरी के विनीता के मोबाइल का व्हाट्सएप चैट भी सामने आया है, जिसमें विनीता अपनी चचेरी बहन को अर्जुन पासवान के साथ उसकी मामी से अवैध संबंध के बारे में जानकारी दी है। मरने की बात कहकर उसके बेटे को सुरक्षित अपने साथ ले जाने को कहा है।

## धनबाद में महिलाओं को डायन बताकर किया प्रताड़ित, 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

धनबाद(ईएमएस)।धनबाद में कुछ महिलाओं को डायन बिसाही बताकर उनके साथ दुर्व्यवाहर करने का मामला सामने आया है। मामला टुंडी थाना क्षेत्र का है। दरअसल एक ही परिवार की महिलाओं को डायन बताकर उन्हें प्रताड़िता करने का आरोप है। पीड़ित महिलाओं ने 16 लोगों के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को गांधी सेवा सदन में मीडिया से बात की। महिलाओं का कहना है कि आरोपियों ने उनके घर में घुसकर उन्हें डायन बताया और उनके साथ मारपीट की। इस अत्याचार के बाद पीड़ित महिलाएं अपने परिवार के साथ घर छोड़कर चली गई हैं। पीड़ित महिलाएं लौटकर वापस नहीं आ रही हैं क्योंकि उनको डर है कि उन्हें फिर से प्रताड़िता किया जाएगा। महिलाओं ने कहा कि उन्हें अपने जान का खतरा है। वे जिला प्रशासन और सरकार से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही हैं। साथ ही उन्होंने सुरक्षा की मांग की है। टुंडी थाना प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि शिकायत पर 16 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है।

## धनबाद में अनुभूति एक एहसास सांस्कृतिक उत्सव शुरू

धनबाद(ईएमएस)।धनबाद में ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन सह उत्सव(फेस्टिवल) अनुभूति एक एहसासशनिवार को बड़े धूमधाम से शुरू हुआ।दो दिवसीय इस सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता की पत्नी मिली दत्ता व डायरेक्टर पर्सनल की पत्नी पूर्विता रमैया ने किया।मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वैभव सिन्हा, काला हीरा के डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद, एआईटीसी क्लब इंडिया के संस्थापक संतोष रजक, समाजसेवी सुमित सवारियां, अनुभूति एक एहसास की सचिव सारसी चंद्रा व आकाश सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। पहले दिन प्रतिभागियों ने डांस, सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंट्स और ड्राइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन स्थानीय बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।प्रतियोगिता के निर्णायक सिमरन छाबड़ा ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन किया और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मेडल प प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संजय चंद्रा, श्यामल राय चौधरी और सम्पा राय चौधरी का सक्रिय योगदान रहा। अनुभूति एक एहसास की सचिव सारसी चंद्रा ने बताया कि इस आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभाओं प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मंच मिलता है। जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे बड़े मंच की ओर अग्रसर होते हैं। कार्यक्रम में बीसीसीएल, 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज और क्लब इंडिया ने अपना सहयोग दे रहे हैं।

## फिल्मी स्टाइल में घर में घुसे डकैत, ड्राइवर को उठाकर लूटा ट्रक

**रामगढ़ (हि.स.)।** रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में डकैतों ने फिल्मी स्टाइल में एक ट्रक लूट की घटना को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाई और लूट की घटना के चार घंटे के बाद ही ट्रक को बरामद कर लिया। इस दौरान एक डकैत को भी गिरफ्तार करने में सफल रही। इस मामले की जानकारी शनिवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि ट्रक ड्राइवर रियाज अंसारी पतरातू थाना क्षेत्र के तिलैयाटांड़ में किराए के मकान में सोया हुआ था। इसी दौरान शुक्रवार की देर रात एक बजे पांच अपराधी उसके घर में घुसे। उन लोगों ने पिस्तौल का भय दिखाकर रियाज से ट्रक संख्या (जेएच 19 ए 3611 )का जीपीएस निकलवाया।लुटेरों ने रियाज का मोबाइल और रुपए छीन लिए। ड्राइवर का हाथ बांधकर उसे एक किलोमीटर दूर आरोही ढाबा, डाडिडीह तक ले जाया गया और उसे वही उतार दिया गया। वहां से लुटेरे ट्रक लेकर चले गए। रियाज अंसारी जब घर पहुंचा तो उसने दूसरे का मोबाइल लेकर ट्रक मालिक को सूचना दी। जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को मिली पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार, थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी शुरू की गई।पुलिस ने चार घंटे के अंदर ही उस ट्रक को चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत छलटा पुल के पास पकड़ा। उस ट्रक पर तीन लोग सवार थे, जिनमें से एक अपराधी आयुष कुमार को पुलिस पकड़ सकी। दो लोग अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। आयुष पतरातू थाने के रोचाप गांव का ही रहने वाला है। उसने बताया कि ट्रक पर तीन लोग थे और दो व्यक्ति ग्लैमर मोटरसाइकिल से उसे एस्कॉर्ट कर रहे थे। पुलिस ने उस मोटरसाइकिल का भी पीछा किया, तो अपराधी बाइक छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने वह बाइक (जेएच 02 एम 9134) को भी जब्त किया है।

## 21 डीप हॉल और 8 सौ किलो बारुद से उड़ गया अवैध कोयला का साम्राज्य

बोकारो(ईएमएस)। वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के कोतरे जंगल में शनिवार को पुलिस प्रशासन ने सीसीएल और कबीपी कोल परियोजना प्रबंधन के सहयोग से 21 डीप होल और 8 सौ किलो बारुद की मदद से अवैध कोयले का काला साम्राज्य को उड़ा डाला। मौके पर पुरानी मीनी ड्रील मशीन से अवैध खदानों के मुहानों के ऊपरी सतह पर लगभग 21 डीप होल किए गए। डीप होल की गहराई 4 मीटर गहरी की गई थी। इन सभी होल की एक दूसरे से दूरी तकरीबन तीन से पांच मीटर लंबी रखी गई। सभी होल में एक 8 सौ किलोग्राम बारुद भर कर डेटोनेटर डालकर शॉर्ट सर्किट के माध्यम से कंट्रोल ब्लास्ट किया गया। ब्लास्टिंग से पूर्व सीसीएल सुरक्षा विभाग माइक के माध्यम से लोगों को उक्त स्थल से दूरी बनाने की अपील की। जिला पुलिस प्रशासन की अवैध कोयला के विरुद्ध यह कार्रवाई बड़ी मानी जा रही है। प्रशासन ने इस कार्रवाई को बड़ी उपलब्धि के रुप में देख रही है। वहीं सूचना मिल रही है कि अगले दिन भी ब्लास्टिंग कर बचे हुए अवैध कोयला के मुहानों को ध्वस्त किया जाएगा। जिसके लिए अलग एरिया में बड़ा ड्रील मशीन लगाया गया है। इस दौरान आधा दर्जन अवैध खदानों के मुहानों को ध्वस्त किया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई कोतरे जंगल में शुक्रवार से शुरू होकर शनिवार शाम तक चली। कंट्रोल ब्लास्ट को लेकर रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार स्वयं निगाह बनाए हुए थे। कई एकड़ में हो रहे अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए अलग अलग हिस्सों में खुले मुहाने को ध्वस्त किया गया। इन मुहानों को उड़ाने के लिए यहां माइनिंग अफसरों की तैनाती भी थी। मौके पर रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, सीओ मांडू विमल सिंह, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, सीसीएल सुरक्षा महाप्रबंधक मेजर मनीष राज, सीसीएल हजारीबाग एरिया सुरक्षा प्रभारी डॉ विमल कुमार, फॉरेस्टर, वन रक्षी आदि मौजूद थे।

## अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट रोमांचक मुकाबले में गढ़वा ने गुमला को 4 रन से हराया



**गोड्डा ।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित अंडर 23 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में गढ़वा ने रोमांचक मुकाबले में गुमला को 4 रन से पराजित किया। गाँधी मैदान में ग्रुप ए का अंतिम लीग मैच खेला गया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए गढ़वा ने सभी विकेट खोकर 250 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें बल्लेबाजी करते हुए मुजाहिद ने 46 रन की पारी खेली। जवाबी पारी में गुमला की टीम 246 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें प्रणव भास्कर ने 74 रन की पारी खेली। गढ़वा के रूपेश ने 4 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रूपेश कुमार को पर्यवेक्षक काजल दास के द्वारा दिया गया।वहीं बताया गया कि क्वार्टर फाइनल मुकाबला 03 मार्च को गाँधी मैदान में राँची बनाम लातेहार के बीच खेला जायेगा। इस अवसर पर अंपायर उमेश पाठक, इफ्तेखार शेख स्कोरर दीपक कुमार के अलावा क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार, इंतेखाब आलम, मुकेश मंडल, अवधेश कुमार, सनम कुमार, विजय कुमार, प्रभु, अंजन, राहुल, कन्हैया, संजीव सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीडीसी ने मनरेगा व आवास योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक




संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़ )प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया की अध्यक्षता में बैठक कर मनरेगा व अबुआ आवास योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान अबुआ आवास योजना सहित मनरेगा से संचालित सभी बिरसा हरित ग्राम योजनाओं मे सीपीटी,जलकुंड एवं नाडेप निर्माण कराने का निर्देश दिए। साथ ही वैसे बिरसा सिंचाई कूप निर्माण मे जोड़ाई कार्य चल रहा है, उन सभी कूपों मे जल्द से जल्द पीएनबीसे 50,000 रुपये राशि का भुगतान लाभुक के खाता मे करना हैं। 81से 99 दिन काम कर चुके मजदूरों को कार्य आवंटित करके 100 दिन पुरा करने का निर्देश सभी रोजगार सेवक को दिए। कई पंचायतों में प्रति ग्राम कार्यरत योजनाओं में खराब प्रदर्शन करने वाले रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को एक सप्ताह के अंदर प्रगति करने का सख्त निर्देश दिए। रिपोर्ट जमा करने और पुराने योजनाओं को दो सप्ताह के अंदर पूरा करने का निर्देश सभी रोजगार सेवक व पंचायत सचिव को दिया गया। जिन अबुआ आवास के लाभुकों का किश्त भुगतान किया गया है, उन सभी आवासों मे शत-प्रतिशत मास्टर रॉल निर्गत करने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने अबुआ आवास योजना का समीक्षा के दौरान स्वीकृत लाभुकों का आवास निर्माण कार्य शत प्रतिशत प्रारंभ कराने का निर्देश सभी पंचायत सचिव को दिया। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों का आवास निर्माण जमीन लेबल तक हो गया है, उसका जियो टैग करने और द्वितीय किश्त की राशि का भुगतान के लिए लाभुकों का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड व जाति प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।बैठक मे मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री संजय कुमार, परियोजना पदाधिकारी मोतिऊर रहमान, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री मानिक दास, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी श्री कमल पहाड़िया, सहायक अभियंता श्री साईमन हेम्ब्रम, कनीय अभियंता श्री बिजय रविदास, नैयर आलम, सभी पंचायत सचिव और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## गैर-अनुशासित पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज, डीजीपी ने मांगी सूची

रांची (हि.स.)। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों और इकाइयों से गैर-अनुशासित पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची मांगी है। इस सूची के आधार पर डीजीपी स्तर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।शनिवार को पुलिस मु यालय से मिली जानकारी के अनुसार, डीजीपी द्वारा जारी आदेश में निर्देश दिया गया है कि सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों की सूची मु यालय को भेजी जाए। इस आदेश की प्रति सभी रेंज आईजी और डीआईजी को भी भेजी गई है।आदेश में पुलिसकर्मियों के संबंध में सात बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है।ये है सात बिंदु -वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके विरुद्ध आम नागरिकों, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कोई कार्रवाई की गई है।-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके संबंध जमीन माफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ पाई गई है।-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो कर्तव्य से फरार रहते हैं।-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो ड्यूटी के दौरान आदतन शराब का सेवन करते हैं।-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो बिना कारण अवकाश की समय सीमा को स्वतः बढ़ाकर देर से ड्यूटी पर लौटते हैं।-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनपर अपने वरीय पदाधिकारी के साथ गलत व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कार्रवाई की गई है। अथवा वे जो अब भी गलत व्यवहार करते हैं।-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप हो या फिर जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं।

## झारखंड के वृद्धों की मदद को 14567 नेशनल हेल्पलाइन शुरू

**रांची(ईएमएस)।** झारखंड में वृद्धों के लिए 14567 नेशनल हेल्पलाइन नंबर-एल्डर हेल्पलाइन सेवा शनिवार से शुरू हो गई। रांची के मेन रोड में हुए आयोजन में झारखंड महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने इस नंबर का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह हेल्पलाइन राज्य के वृद्धों को बेहतर सहायता और सुरक्षा प्रदान करेगी। अपर सचिव अभयनंदन अंबष्ट बोले, झारखंड में एल्डर हेल्पलाइन की श्रेष्ठता को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विभाग स्तर से टीम को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। मौके पर अवर सचिव प्रीति सिन्हा (नोडल अधिकारी, एल्डर हेल्पलाइन), अभिजीत कुंडु, नूतन सिंह, राम लखन प्रसाद गुप्ता और संजय जैन मौजूद थे।

## चलेगी रांची - गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन

**रांची(हि.स.)।** होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए ट्रेन संख्या 02883/02884 रांची - गोरखपुर - रांची होली स्पेशल ट्रेन 12 मार्च को चलाई जाएगी।यह ट्रेन केवल एक-एक ट्रिप करेगी।यह स्पेशल ट्रेन 12 मार्च को रांची स्टेशन से रात के 11=55 बजे खुलेगी, जो मूरी में रात के 1=20 बजे, बोकारो स्टील सिटी में रात के 2=45 बजे, गोमो अगले दिन की सुबह 4=20 बजे, कोडरमा में सुबह 5=33 बजे, गया में 7=00 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय में सुबह 10=15 बजे, बनारस में 11=45 बजे तथा गोरखपुर में शाम 7=50 बजे पहुंचेगी।वहीं दूसरी ओर से ट्रेन संख्या 02884 गोरखपुर - रांची होली स्पेशल 14 जून को चलेगी, जो गोरखपुर से सुबह 11=00 बजे खुलेगी।यह ट्रेन बनारस में शाम 6=15 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय में शाम 7=23 बजे, गया में रात के 10=05 बजे, कोडरमा में 11=23 बजे, गोमो में 1=05 बजे, बोकारो स्टील सिटी में 2=25 बजे, मूरी में अगले दिन सुबह 3=50 बजे, तथा रांची में शनिवार की सुबह 5=30 बजे पहुंचेगी। इन दोनों ट्रेनों में जनरेटर यान का एक कोच, एसएलआरडी का एक, सामान्य श्रेणी के चार, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के छह, वातानुकूलित थ्री-टियर के सात कोच, वातानुकूलित सेकेंड-टियर के दो तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी और वातानुकूलित टू-टियर संयुक्त के एक कोच समेत कुल 22 कोच होंगे।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**जामताड़ा ।** कर्माटांड़ स्थित रोड स्थित विलेज हॉस्पिटल में एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शरीर का आयोजन किया गया इस शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए। जगन्नाथ गुप्ता इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल बज-बज कोलकाता के द्वारा इस जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के जनरल सर्जन डॉक्टर उमर अली और जनरल मेडिसिन के डॉक्टर टी हसन ने लोगों का स्वास्थ्य जांच किया। इस मौके पर डॉक्टर उमर अली ने बताया कि हमारे संस्थान के द्वारा अन्य राज्यों और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके उपरांत किसी भी तरह के गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज को भारत सरकार द्वारा प्रदत्त आयुष्मान कार्ड के माध्यम से संस्थान में इलाज किया जाता है। बताया कि अभी भी जामताड़ा के कई मरीज हैं जिनका कोलकाता हमारे अस्पताल में इलाज चल रहा है। हमारा प्रयास है कि हम मरीजों का एक रूपया भी खर्च न होने दें और उन्हें स्वस्थ करके वापस घर भेजें। इस मौके पर ब्लेस हॉस्पिटल के मैनुअल दास, कार्यक्रम संयोजक शंकर घोष, खोखन माजी, सोनू कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर क्षेत्र में 22.53 लाख की लागत से बनने वाले तीन योजनाओं का हुआ शिलान्यास।



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/**राजमहल नगर पंचायत के माध्यम से 22.53 लाख से बनाने वाले तीन योजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया. विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डु एवं नपं प्रशासक स्मिता किरण ने संयुक्त रूप से वार्ड संख्या 5 में बनाने वाले पेब्बर्स ब्लॉक सड़क व वार्ड संख्या 6 में दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया. विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में नगर पंचायत के पदाधिकारी एवं अभियंताओं ने वार्ड क्षेत्र का भ्रमण कर सड़क एवं नाला के जिर्णोद्धार एवं निर्माण की दिशा में कार्य करते हुए प्राक्कलन तैयार करने की बात कहे हैं. विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि नगर क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करें. मौके पर नगर पंचायत के कर्मी एवं अभियंताओं के अलावे किशन बर्मन, रेखा देवी ,मनोज साहा, अर्जुन प्रमाणिक नंदन प्रमाणिक सहित मौजूद थे.

## अज्ञात चोरों ने रेलवे कर्मी के घर से की लाखों की चोरी

**साहिबगंज।** जिले में आए दिन चोरी की घटना काफी बढ़ गई है।अज्ञात चोरों के द्वारा कई घरों को निशाना बना लेते हैं। जहां ताजा मामला नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित साहिबगंज रेलवे स्टेशन मास्टर निशा कुमारी के घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण व नगद रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।नगर थाना प्रभार प्रभारी प्रदीप प्रभाकर को सूचना मिलते ही अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए।स्टेशन मास्टर निशा कुमारी के पति प्रशांत कुमार ने बताया कि मंगलवार को अपनी पत्नी को बच्चों के साथ अपने घर बरियारपुर गया था। अपनी बच्ची को परीक्षा दिलाने के लिए शुक्रवार को गया हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन से साहिबगंज आए।घर आकर देखा तो पाया कि ग्रिल का मुख्य ताला टूटा हुआ है अंदर ग्रिल खोल कर गया तो देखा कि दरवाजा लॉक को लोहे का रड से उखाड़ दिया गया है।खोल कर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो गोदरेज का सारा सामान बक्सा का सारा सामान इधर-उधर फेंक दिया गया था। घर की तलाशी ली तो पता चला सोने की सोने का चैन,सोने का अंगूठी, चांदी का कर जोड़ा पायल, चांदी का बच्चे का हाथ का कड़ा चार जोड़ा,दस रुपए का सिक्के से भरा हुआ दो गुल्लक,नगद लगभग दस हजार रुपए दो मोबाइल,दस्तावेज तथा मूल कागजात प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात एटीएम,लुमिनस का इनवर्टर,एसबीआई का चेक बुक,पीतल का थाली गिलास कटोरी प्लेट और तांबे का तथा अन्य घरेलू सामान अज्ञात चोरों के द्वारा उड़ा ले गए।इधर पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गया है।पुलिस के द्वारा बताया गया कि अपराधी जितना भी शातिर हो कानून के नजरों से नहीं बच सकता है।कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी अपराध करना छोड़ दे या शहर को छोड़ दें।

## सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर

**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में जिला प्रशासन द्वारा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में शनिवार को स्वेच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया।इसमे मुख्य रूप से सीएस डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया शामिल हुए।इस दौरान सीएस ने कहा कि ब्लड बैंक में रक्त की किल्लत में पहले के मुकाबले काफी सुधार हुए है। यहां के रक्तदाता संगठन,युवाओं की वजह से हुआ है।वहीं ब्लड बैंक में रक्त रहने से जरूरत व थैलीसीमिया के मरीजो को समय पर रक्त मिल सकता है। युवा इसके लिए जागरूक होकर लोगो को भी प्रेरित करे।आपका प्रयास किसी को नया जीवन देने में काफी मददगार साबित होगा।वहीं शिविर में कूल पंद्रह लोगों ने रक्तदान किया है।जबकि इसमे सबसे अधिक जैप-9 के जवानों ने रक्तदान किया है।इसमें आदित्य कुमार( बी पॉजिटिव), हरि कृषणा सिंह( बी पॉजिटिव), दीपक कुमार पासवान( बी पॉजिटिव), धर्मेंद्र कुमार सिंह( ओ पॉजिटिव), मनोज कुमार सिंह( ओ पॉजिटिव), संतोष कुमार( ओ नेगेटिव) समेत 15 लोगो ने रक्तदान किया है।मौके पर डॉ.किरण माला,अस्पताल मैनेजर यशवंत राव,लैब टेक्नीशियन मो.अजहर,मो. नौशाद आलम,चंदन कुमार,विजय कुमार, प्रवीण सक्सेना आदि थे।

## सिविल कोर्ट के अनुसेवक के सेवानिवृत्त होने पर पर दी विदाई




साहिबगंज।सिविल कोर्ट के अनुसेवक मंसूर अली खान को शनिवार को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। विदाई समारोह मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी के गरिमामय उपस्थित में अनुसेवक मंसूर अली खान को भाव भीनी विदाई दी गई। इस मौके पर सिविल कोर्ट के कर्मचारियों ने उन्हें फूल माला एवं भेट प्रदान किया। ज्ञात हो कि मंसूर अली खान 1990 में दुमका में अनुसेवक के पद पर पद योगदान दिए थे जहां मात्र एक घंटा रहते हुए उनका स्थानांतरण साहिबगंज सिविल कोर्ट में कर दिया गया था।तब से मंसूर अली खान साहिबगंज सिविल कोर्ट में अनुसेवक के रूप में कार्यरत रहे। मंसूर अली खान 34 वर्ष 7 महीना 21 दिन सेवा में रहे हैं। इस अवसर पर सिविल कोर्ट के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## डीसी ने पहाड़ों का किया निरीक्षण,ग्रामीणों से की बातचीत



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

**साहिबगंज।** जिला के डीसी हेमंत सती ने पगार पहाड़,बालको पहाड़ और भतभंगा पहाड़ पर चल रहे सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली।निरीक्षण के क्रम में डीसी ने जल जीवन मिशन के तहत की गई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है या नहीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित आवासों की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही विरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत किए गए पौधारोपण कार्य एवं विरसा आवास योजना के लाभुकों से मिलकर फीडबैक लिया।वहीं डीसी को आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि वह अपने निजी आवास में आंगनबाड़ी केंद्र चला रही हैं,जिससे बच्चों को पढ़ाई के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।इस पर डीसी ने तत्काल आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा डीसी ने ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पहाड़ों पर बसे गांवों के महिलाओं एवं पुरुषों को मशरूम उत्पादन और बांस के हेड़ी क्राफ्ट की ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना।

## रमजान का दिखा चांद, आज पहला रोजा

**साहिबगंज।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए सबसे बरकत व इबादत वाला महीना शनिवार की संध्या रमजान का चांद देखते ही रमजान महिना शुरू हो गया।रोजेदार आज पहला रोजा रखेंगे। इस्लामी धर्म के अनुसार इस महीने को बहुत ही बरकत वाला महीना माना जाता है। इसलिए इस रमजान महीने में रोजेदार खास इबादत करते हैं। पहला रोजा सूर्योदय से पूर्व समय 4¬44 बजे सेहरी का समय निर्धारित है।वहीं सूर्यास्त के समय 5¬45 में रोजा खोलने अर्थात ईफतारी का समय निर्धारित किया गया है। शनिवार की रात्रि से ही हर मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा करना शुरू हो जाएगी। इस्लामी जानकार के अनुसार पहले दस रमजान के दरमियान रहमतों का माना जाता है,दूसरे दस दिन रमजान का माफी का माना जाता है और आखिरी जहन्नम से छुटकारा के लिए माना जाता है। एक रोजेदार मोहम्मद कम अकरम ने बताया कि यह रोज सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है, रोजा अर्थात उपवास का मतलब है हाथ,पैर,आंख मुंह कान सभी का रोजा होता है।बुरे कामों से बचना और अल्लाह से इबादत कर अपनी गुनाहों की माफी मांगते हैं।

## नगर थाना क्षेत्र के गोपाल पुल के नीचे युवक का शव बरामद

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के गोपाल पुल के नीचे बड़े नाला में शनिवार की सुबह नगर थाना पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया।शव की पहचान शहर के गुल्लीभट्ठा के कलाधर झा के पुत्र दिलीप झा 55 के रूप में किया गया है।शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।नगर थाना पुलिस के अनुसार युवक के सिर पर चोट के निशान है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने नाले में औंधे मुंह गिरा एक शव को देखकर तुरंत नगर थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना पाते हूए नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने पुअनी प्रवीण प्रभाकर को दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर छानबीन की।पुलिस को प्रारंभिक जांच पर पता चला कि युवक प्रतिदिन शराब का सेवन करता था।पुलिस प्रथम दृष्टया उम्मीद जता रही है कि युवक पुल के शराब के नशे में नीचे गिर कर मौत हुई होगी।पुलिस गहराई से छानबीन कर रही है।

## तेज रफ्तार बाइक ने वृद्ध को मारा टक्कर,मारपीट कर किया घायल



**साहिबगंज।** शहर के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा पचगढ़ में शुक्रवार की रात तेज रफ्तार बाइक ने एक वृद्ध व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दिया।इस पर वृद्ध ने बाइक चालक युवक को ठीक से चलाने की नसीहत दी तो बाईक सवार युवक ने कुछ युवकों को लेकर वृद्ध के साथ मारपीट कर घायल कर दी।घायल वृद्ध को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल वृद्ध राजकुमार साह ने बताया कि वे अपने घर के पास खड़े थे।इस दौरान एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया।घायल वृद्ध का आरोप है कि जब उसे ठीक से बाइक चलाने की नसीहत दी तो उक्त युवक ने मोबाइल से फोन कर आठ से दस युवक को बुलाया। इसके बाद वे लोग घर में घुसकर मारपीट की।वहीं घायल वृद्ध का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## पुस्तकालय संचालन समिति की हुई बैठक




**बोरियो, साहिबगंज।** प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक बीडीओ नागेश्वर साव ने अध्यक्षता में शनिवार को की गई।बैठक में पुस्तकालय के मार्च के प्रथम सप्ताह में उद्घाटन पर चर्चा की गयी।पुस्तकालय के विकास हेतु समाज से सहयोग लेकर पांच लाख रुपए चंदा इक्कट्ठा करने की बात कही गयी।इसके अलावे पुस्तकालय के नियमित संचालन पर जोर दिया गया। सुबह एवं संध्या समय पुस्तकालय खोलने एवं बंद करने पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर शिक्षा विभाग के बीपीओ राजेश्वरी सिन्हा, शिबू सोरेन जनजातीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. कुलेश ठाकुर, रिजवान अंसारी, संतोष कुमार, बमबम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## एमडीए कार्यक्रम को लेकर किया लोगों को जागरूक, स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**साहिबगंज सं।** सिविल सर्जन प्रवीण संथालिया के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के अंतर्गत बड़ा मदनशाही में शनिवार को डॉश सत्ती बाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार के नेतृत्व में गठित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो एवं सदर प्रखंड के पारामेडिकल कर्मियों दल के द्वारा मदनशाही के विभिन्न गली मोहल्ले में एमडीए कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी लोगों को दवा अपने सामने में खिलाया गया।साथ ही गाँव में उपस्थित सभी लोगों को फाईलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। वहीं फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत एमडीए कार्यक्रम कार्यक्रम में दवा खाने के महत्व के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया।साथ ही डॉ सत्ती बाबू डाबडा ,डॉ विवेक भारती चिकित्सा पदाधिकारी,अभिषेक कात्यायन पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा कुछ दवा खाने से इनकार किए गए लोगों को समझा बुझा कर अपने सामने में दवा खिलाई गई।साथ ही सभी लोगों को गर्भवती महिलाओ,एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी लक्षित जन-सामुदाय को दवा सेवन करने को कहा गया। मालूम हो कि मदनशाही गाँव में ही विगत 11 फ़रवरी को विद्यालय में दवा खिलाने के बाद कुछ बच्चों में प्रतिकूल प्रभाव हो जाने से पुरे गाँव में दवा खाने से इनकार कर दिए थे।जिसको लेकर जिले से डॉ सत्ती बाबू डाबडा,अभिषेक कात्यायन पिरामल स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों की टीम ने काफ़ी मशक्कत के बाद मदनशाही के कुछ गणमान्य व्यक्तियों,मस्जिद में मौलवी एवं ग्रामीणों के बीच बैठक कर एवं समझा बुझा कर लोगों को एमडीए कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया गया।मौके पर मनोहर पंडित एमटीएस,कोमल गुप्ता पिरामल स्वास्थ्य, एडवर्ड सोरेन सीएचओ,एएनएम पूजा कुमारी,मनीष कुमार फार्मासिस्ट,विनोद कुमार सिंह,जहांगीर दौला,बिमल ओझा,इनामूल हक़,कालाधर प्रसाद,सुमन कुमार,पवन कुमार,अनिल कुमार,अजित कुमार,विक्रम शर्मा,मो रासीद,मकसूद आलम, नासिर हुसैन,राजहंस सिंह, गीता कुमारी सहिया साथी,अनिदा खातून सहिया,तारा बेगम सेविका आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पानी की किल्लत से नगर के लोग परेशान, एक चापाकल पर पूरे गावं है आश्रित..

**संवाददाता**

**बरहरवा ।** ठंड का असर कम होते ही गर्मी ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। दिन में तेज धूप से लोग जहां परेशान हो जा रहे हैं, वैसे ही पानी की मांग बढ़ने लगी है। शहर में मार्च की शुरुआत में ही जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे ही प्रतिदिन पीने के पानी की किल्लत बढ़ने लगती है। बरहड़वा नगर पंचायत मे भी पेयजल की काफ़ी किलत है.

नगर के वार्ड नंबर 14 के लबदा मे सुबह चार बजे से ही चपाकल मे भीड़ लगने लगती है.और महिलाएं अपना घरेलु कामकाज छोड़कर पानी लाने की फिकर में रहती है। भीड़ इतनी होती है की दो बाल्टी



पानी के इंतजार मे घंटो खड़ा होना पड़ता है तब जाकर कही दो बाल्टी पानी मिल पाता है. यहाँ के सभी चापकल खराब है. घर- घर शुद्ध पेजल उपलब्ध कराने को लेकर नगर की और से लबदा मे सुभास दुकान के सामने बोरिंग सहित पाइप लाइन कनेक्शन दिया गया था जो वर्तमान में खराब पड़ा हुआ है,इतने घनी आवादी वाला गांव मे सिर्फ एक चापाकल से पानी मिल रहा है और उस पर पुरे गांव के लोग आश्रित है. गर्मी से पहले वह भी अपना दम तोड़ने लगा है. वार्ड नंबर 14 के असमल्ला पोखर समीप 5000 लीटर के क्षमता वाला सोलर उक्त आरसीसी पानी टंकी का निर्माण कराया गया था , जिससे लोगो कुछ राहत मिलता था.वर्तमान में वह भी खराब पड़ा हुआ है और नगर प्रशासन हाथों पर हाथ धरे बैठे हुए हैं. यह समस्या कई सालों से चली आ रही है.

यहां के लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के

द्वारा जिस तरह सुविधा देने को लेकर हर महीना होल्डिंग टैक्स वसूला जाता है लेकिन उसके अनुसार यहां पर सुविधा नहीं दिया जाता है.अभी गर्मी की थोड़ी ही दस्तक से पेयजल की समस्या इतना विकराल होने लगा है. तो गर्मी में क्या स्थिति होगी? अगर समय रहते नगर प्रशासन की ओर से पेयजल की समुचित व्यवस्था को अभी से ही दुरुस्त करने मे लग जाना चाहिए!

## दो पक्षो में हुई जमकर मारपीट कई घायल,भर्ती



**साहिबगंज।** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर मोती झरना में बीते शुक्रवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई।करीब एक घण्टा तक दोनों पक्ष की तरफ से लठा-डंडा चलता रहा।इसमें दोनों पक्ष के महिला समेत आठ से दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गया।सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।घायल में मों.जाफर,मों. इंजमामुल हक,शेख इब्राहिम व शेख तालीम है।जबकि दूसरे पक्ष के शेख सदन शेख इस्तखार,शेख टिंकू, जुलेखा,शेख उमर व शेख रफीक है।वहीं प्रथम पक्ष के घायल इंजमामुल हक ने बताया है कि वे शुक्रवार की रात काम करके अपने घर जा रहा था।तभी डाकबंगला गली के पास गांव के शेख सद्दाम,शेख शरीफ,शेख टिंकू, शेख इस्तेखार,शेख उमर, परया बीबी आदि ने उन्हें रोककर गाली गलौज करने लगे।इसका विरोध करने पर सद्दाम शरीफ सरिया से उसके सिर में मार दिया।इससे उसका सिर फट गया।हो हल्ला सुनकर उनके भाई जाफर,चाचा शेख इब्राहिम,शेख तालीम आए तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।इधर,दूसरे पक्ष की सबीना बीबी ने भी चारो घायल समेत नौ लोगों के खिलाफ उनके कपड़ा दुकान में आकर मारपीट करने व दस हजार रूपए नगद छीन लेने का आरोप लगाया है।इधर दोनों पक्ष ने तालझारी थाना पुलिस आवेदन देकर मारपीट का आरोप लगाया है।इधर सभी घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## साहिबगंज में मेडिकल कॉलेज की हो स्थापना : एमटी राजा

**साहिबगंज।** सदन की कार्यवाही के दौरान राजमहल के विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन उर्फ राजा ने साहिबगंज जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग को सदन की के माध्यम से मजबूती से रखा है।उन्होंने सदन के माध्यम से कहा है कि क्षेत्र के बच्चों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए दूर दराज जाना पड़ता है,जिससे काफी परेशानियां होती है।मेडिकल कॉलेज रहने से पढ़ाई के साथ-साथ इलाज में भी लोगों को काफी सुविधाएं होगी।सरकार का उत्तर सदन के माध्यम से दिया गया है कि मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं है।विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया है कि साहिबगंज जिला जो राज्य का सुदूरवर्ती इलाकों में है।राज्य की राजधानी से लगभग 550 किलोमीटर दूर है।इसलिए यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को और स्वास्थ्य की शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है।इसलिए यहां मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए।इधर क्षेत्रीय विधायक के माध्यम से लगातार जनहित की बहुप्रतिक्षित मांगों को सदन के पटल पर रखे जाने से आमजन ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## वित्तीय वर्ष की समाप्ति को लेकर डीसी ने की बैठक



**साहिबगंज।** जिला समाहरणालय स्थित गोपनीय कार्यालय में शनिवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में कोषागार से राशि निकासी,योजनाओं के क्रियान्वयन और लंबित राशि की समीक्षा की गई। डीसी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को समय सीमा के भीतर लंबित राशि की निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए,ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व सभी योजनाओं के भुगतान की प्रक्रिया पूरी हो सके। डीसी ने विभागवार मदों के तहत उपलब्ध राशि और उसकी निकासी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। डीसी ने सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों को दी जाने वाली राशि का भुगतान समय पर हो, इसके लिए पदाधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।बैठक में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत,सदर एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार,राजमहल एसडीओ विमल सोरेन,सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा,जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार,जिला भु-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास,जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का,जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा,जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा,जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार,जिला मत्स्य पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार विन्हा,जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव एवं नगर प्रशासक अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

## स्कार्पियो ने स्कूटी को मारी टक्कर,दुकानदार को घसीटा

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के विकास भवन रोड में शनिवार को फूट चार्ट बेचने वाले दुकानदार के स्कूटी में शनिवार की सुबह एक स्कार्पियो चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया।जहां टक्कर मारने के बाद दुकानदार ने स्कार्पियो चालक को रोकने का प्रयास किया तो स्कार्पियो चालक ने उसे लगभग दो सौ मीटर तक घसीट दिया।इसमें दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक समलापुर केलाबाड़ी के नितीश कुमार मंडल है।घटना के संबंध में घायल दुकानदार नीतीश कुमार ने बताया कि दुकान लगाने के बाद स्कूटी दुकान के सामने लगाया। इसी दौरान तेज रफ्तार से आते स्कार्पियो ने स्कूटी को धक्का मार दिया।जब हम स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किये तो स्कार्पियो चालक ने करीब दो सौ मीटर तक घसीटने का आरोप लगाया है। इधर घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया गया।घायल ने कार्रवाई की मांग की है।

## वृद्ध का शव बरामद

साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र के गोपाल पुल के नीचे बड़े नाला में शनिवार की सुबह नगर थाना पुलिस ने एक वृद्ध का शव बरामद किया।शव की पहचान शहर के गुल्लीभट्ठा के कलाधर झा के पुत्र दिलीप झा 55 के रूप में किया गया है।शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।नगर थाना पुलिस के अनुसार युवक के सिर पर चोट के निशान है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने नाले में औंधे मुंह गिरा एक शव को देखकर तुरंत नगर थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना पाते हूए नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने पुअनी प्रवीण प्रभाकर को दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर छानबीन की।पुलिस प्रथम दृष्टया उम्मीद जता रही है कि वृद्ध पुल के शराब के नशे में नीचे गिर कर मौत हुई होगी।पुलिस गहराई से छानबीन कर रही है।

## ट्रंप, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के देशों के लिए भारी खतरा बने

दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने, डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका-यूरोप और सारी दुनिया के देशों के लिए खतरा बन गए हैं। ट्रंप अपने बड़बोल से एक गैंगस्टर की तरह अपने आप को दिखा रहे हैं। उसके कारण सारी दुनिया के देशों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। डोनाल्ड ट्रंप हथेली पर अपनी मर्जी के अनुसार तुरंत दही जमा लेने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने अमेरिका के विभिन्न राज्यों के साथ संघीय व्यवस्था को नकारते हुए, संविधान के विपरीत जाकर मनमाने गैर कानूनी आदेश देना शुरू कर दिए। जिसे अमेरिका के राज्यों और न्यायपालिका ने स्वीकार नहीं किया। उससे अमेरिका के लाखों सरकारी कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ गई है। राज्यों की शासन व्यवस्था में ट्रंप प्रत्यक्ष रूप से दखल देना शुरू कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में केंद्रीयकृत व्यवस्था लागू करने की दिशा में आगे बढ़ गए हैं। दुनिया के विभिन्न देशों को जिस तरह से ट्रंप ने आदेश के रूप में अपनी बात कर रहे है। उसे दुनिया के देशों द्वारा पसंद नहीं किया जा रहा है। कई देश डोनाल्ड ट्रंप के बयान को अपमान के रूप में देख रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर कारोबारी देशों को जिस तरह से धमकाया है। उसकी तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। ट्रंप इजराइल और गाजा के मामले में भी जिस तरह का फरमान जारी किया, गाजा में कब्जा करने की बात कही। गाजा में ट्रंप कॉलोनी बनाने की बात कही। पनामा नहर पर कब्जा करने की बात कही। यूक्रेन और रूस के बीच शांति स्थापित करने के नाम पर जिस तरह से यूक्रेन के राष्ट्रपति को अमेरिका बुलाकर डोनाल्ड ट्रंप ने मीडिया के सामने उन्हें धमकाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, जो अमेरिकी सहायता यूक्रेन को दी गई है। उसके एवज में यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज पर अमेरिका का दावा जता दिया। रूस के साथ संधि करने की बात कही। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलंसकी को आमंत्रित किया था। मीडिया के सामने जिस तरह से जेलेंसकी को धमकाया गया। उससे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी और अमेरिका की गरिमा गिराने का काम किया है। एक समकक्ष राष्ट्रध्यक्ष के साथ किस तरह की वार्ता करनी चाहिए, उसका ध्यान भी डोनाल्ड ट्रंप ने नहीं रखा। मीडिया के सामने आने के पहले दोनों को आपस में बात करके समन्वय बनाने की कोशिश करनी चाहिए थी। दोनों राष्ट्रों के मुखिया को मीडिया के सामने आकर अपनी बात कहनी चाहिए थी। जिस तरह से मीडिया के सामने डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलंसकी को धमकाया। जिस तरह की, तू-तू मैं-मैं, मीडिया के सामने हुई। उसके बाद सारी दुनिया में डोनाल्ड ट्रंप की थू-थू हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कही। जिस तरह से उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमेन्युल मेक्रो के सामने गलत बयानी की। फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रो ने मीडिया के सामने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हाथ पकड़ कर उन्हें झूठ बोलने के लिए टोंक दिया। उससे अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप की साख सारी दुनिया के देशों में गिरी है। डोनाल्ड ट्रंप की छवि एक गैंगस्टर की तरह बनती चली जा रही है। जिस तरह से अपनी बात मनवाने के लिए गैंगस्टर, गुंडागर्दी करता है। डोनाल्ड ट्रंप की गुंडागर्दी अमेरिका के अपने ही राज्यों और अपने ही नागरिकों के साथ की जाने लगी है। लाखों लोगों की नौकरियां ट्रंप के मनमाने आदेश से खत्म हो गई हैं। रोजाना ऐसे आदेश ट्रंप प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे हैं। 2 माह के अंदर ही

# हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास जुड़ा है

**हृदयनारायण दीक्षित**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने केन्द्र पर हिन्दी थोपने का आरोप दोहराया है। इस बयान से राष्ट्रभाषा प्रेमी आहत हैं। हिन्दी हमारा जीवनरस है। प्राण और आत्म भी। मां के गर्भ से संसार में आए तो रोये हिन्दी में। सोए हिन्दी के आंचल में। जागे तो हिन्दी सुने। उठे, बैठे, चले, लुढ़के, गिरे, रोए हिन्दी में। मां ने उठाया और मनाया भी हिन्दी में। गुस्साए और रूठे भी हिन्दी में। बालक से तरुण हुए, गांव, क्षेत्र, नगर जाना हिन्दी में। प्रीति, रीति, नीति हिन्दी की। हमारी प्रकृति हिन्दी है। स्वाभाविक ही हमारी संस्कृति भी हिन्दी में ही खिलती है। उल्लास और उत्साह का रस हिन्दी है। हम हिन्दी में सोचते हैं, हिन्दी में प्रकट होते हैं। हिन्दी हमारी मां है।

अंग्रेजी हमारे परिवार की भाषा नहीं है। हमें बताया जाता है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। हम यह उपदेश मान भी लेते लेकिन क्या करें? एशिया महाद्वीप के 48 देशों में से भारत छोड़ किसी भी देश की मुख्य भाषा अंग्रेजी नहीं है। अजरबैजान की भाषा अजेरी, अर्मेनिया की अर्मेनियन, इजराइल की हिब्रू, ईरान की फारसी, उज्बेकिस्तान की उज्बेक, ओमान, सऊदी अरब, सीरिया, ईराक, जार्डन, यमन, बहरीन, कतर व कुवैत की भाषा अरबी है। चीन, ताईवान, सिंगापुर की मंदारिन, इण्डोनेशिया की डच, दोनों कोरिया की कोरियायी, श्रीलंका की सिंहली व तमिल, कम्बोडिया की खमेर, अफगानिस्तान की पश्तो, पाकिस्तान की उर्दू और तुर्किए की तुर्की है।

यूरोप को अंग्रेजी भाषी क्षेत्र माना जाता है लेकिन यूरोप के 43 देशों में से 40 की भाषा अंग्रेजी नहीं है। यहां डेनमार्क की डेनिस, चेक गणराज्य की चेक, रूस की रूसी, स्वीडन की स्वीडिस, जर्मनी की जर्मन, स्विटजरलैण्ड व पोलैण्ड की पोलिस, इटली की इटैलियन, ग्रीस की ग्रीक, बुल्गारिया की बल्गेरियन, मोल्दोवा की रोमानियन, यूक्रेन की यूक्रेनियन, फ्रांस की फ्रेंच, स्पेन की स्पेनिस है। सिर्फ ब्रिटेन की ही भाषा अंग्रेजी है। आयरलैण्ड की आयरिश व अंग्रेजी है। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में भी अंग्रेजी मूल भाषा नहीं है। बावजूद इसके अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा क्यों है?

लार्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था ÷उच्चतर जीवन मूल्य और क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परम्परा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें कि भारतवासी अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छानुरूप शासित हो जाएं।÷ महात्मा गांधी ने आहत मन कहा था, ÷पृथ्वी पर हिन्दुस्तान ही ऐसा देश है जहां मां-बाप बच्चों को मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना-लिखाना पसंद करेंगे।भारत की संविधान सभा में राजभाषा पर तीन दिन बहस हुई। एनजी आयंगर ने सभा (12.9.1949) में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा, ÷हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह सम्मुनत भाषा नहीं है।÷

डॉ. धुलेकर ने बहस (13.9.1949) में कहा, ÷अंग्रेजी वीरों की भाषा नहीं है। वह वैज्ञानिकों की भी भाषा नहीं है। विज्ञान का एक शब्द भी अंग्रेजी भाषा का नहीं कहा जा सकता और




न अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त अंक उस भाषा के अंक हैं। आप कहते हैं अगले 15 वर्षो तक अंग्रेजी भाषा को देश की राजभाषा के रूप में रहने दिया जाये। स्वराज्य के पश्चात भी हमारे स्कूल, विश्वविद्यालय तथा वैज्ञानिक अंग्रेजी में ही काम करते रहेंगे तो यह सुनकर मैं कांप उठता हूं। सेठ गोविंददास ने कहा ÷हमने सेक्युलर स्टेट मान लिया है। मगर इसका यह अर्थ कभी नहीं समझा कि सेक्युलर स्टेट मानना अनेक संस्कृतियां मानना हैं। यह एक प्राचीन देश है और इसका पुराना इतिहास है। इस देश में हजारों वर्षों से एक ही संस्कृति चली आई है। इस परम्परा को रखने के लिए और इस बात का खण्डन करने के लिए कि हमारी दो संस्कृतियां हैं, हम एक भाषा और एक लिपि रखना चाहते हैं। सभा की बहस रोमांचकारी है। पं. नेहरू ने कहा, ÷हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की, कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो किन्तु इसे हम सहन नहीं कर सकते।÷ पं. नेहरू अंग्रेजी सहन करने को तैयार नहीं थे।राजभाषा प्राविधान के प्रस्तावक हिन्दी को कमतर बता रहे थे। सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को राजभाषा बनाया। 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परन्तुक' जोड़ा। संविधान के अनु0 343 (1) में हिन्दी राजभाषा बनी, किन्तु अनु0 343 (2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्राविधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग/समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनु0 351) केन्द्र पर डाली गयी। मूल प्रश्न यह है कि क्या अंग्रेजी ज्यादा ज्ञानबोधक है? अमेरिकी भाषा विज्ञानी ब्लूम फील्ड ने अंग्रेजी की बाबत (लैंगुएज, पृष्ठ 52) लिखा ÷यार्कशायर (इंग्लैंड) के व्यक्ति की अंग्रेजी को अमेरिकी नहीं समझ पाते। तो फिर अंग्रेजी विश्व भाषा क्यों है? प्रख्यात भाषाविद् चिंतक डॉ. रामबिलास शर्मा ने 'भाषा और समाज' (पृष्ठ 401) में लिखा ÷अंग्रेजी के भारतीय प्रोफेसरों को हॉलीवुड की फिल्म दिखाइए, पूछिए, वे कितना समझे? इसके विपरीत हिन्दी की सुबोधता को हर किसी ने माना है। हिन्दी अपनी बोलियों के क्षेत्र में तो समझी ही जाती है गुजरात, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में भी उसे समझने वाले करोड़ों है। यूरोप में जर्मन और फ्रांसीसी अंग्रेजी से ज्यादा सहायक है। जर्मनी और अस्ट्रिया की भाषा जर्मन है। स्विट्जरलैण्ड के 70 फीसदी लोगों की मातृभाषा भी जर्मन है। चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, युगोस्लाविया और पोलैण्ड के लोग जर्मन समझते हैं।÷ हिन्दी भाषी बढ़े हैं। हिन्दी वाले ज्यादा हैं बावजूद इसके वह अपने ही देश में परिपूर्ण राष्ट्रभाषा भी नहीं है।भाषा संस्कृति की संवाहक होती है। ब्रिटिश व्यापार और सत्ता के साथ अंग्रेजी लाये थे। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ पूंजी के साथ भाषा लाती है। भाषा के साथ संस्कृति आती है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोमचोम्सकी ने कहा था, ÷करोड़ों डॉलर के जनसंपर्क उद्योग के जरिए बताया जाता है कि जिन चीजों की जरूरत उन्हें नहीं है, वे विश्वास करें कि उनकी जरूरत उन्हें ही है।भाषा का विकास सामाजिक विकास से जुड़कर होता है। सामाजिक विकास में संस्कृति और आर्थिक उत्पादन के कारक प्रभाव डालते हैं। भारत की नई पीढ़ी मूल स्रोत भाषा और संस्कृति से कट रही है। भारत में हिन्दी जानने वालों की संख्या सौ करोड़ से ज्यादा है। अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजरायल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिडाड, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों/सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। लेकिन हिन्दी राजभाषा के असली सिंहासन से दूर है। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। अपनी सरलता और लोक आच्छादन की क्षमता के कारण। हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास भी जुड़ा हुआ है। स्टालिन पुनर्विचार करें। तमिल और हिन्दी साथ-साथ चलें। राष्ट्र भाषा को वास्तविक सम्मान मिलना ही चाहिए। (लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

## पाकुड़ की खबरें

### बरमसिया गांव में करोड़ों साल पुराना मिला जीवाश्म



**पाकुड़।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत बरमसिया गांव में करोड़ों साल पुराना जीवाश्म मिला है। भुगर्भ शास्त्र ही नहीं बल्कि वनष्पति शास्त्र और प्राणी शास्त्र की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों में जीवाश्म पाए जाने की सूचना के बाद इसके पुराने अस्तित्व की जानकारी के लिए उत्सुकता बढ़ गई है। साथ ही विशेषज्ञों के बीच पाकुड़ में पाए गए जीवाश्म को लेकर शोध के प्रति ललक बढ़ी है। जीवाश्म पाए जाने की सूचना मिलने के बाद निकटवर्ती साहिबगंज जिले के कई शोधकर्ताओं द्वारा स्थल का निरीक्षण कर जीवाश्म के बारे में पूरी जानकारी हासिल की जा रही है। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग इन जीवाश्मों को सुरक्षित और संरक्षित करने की हर कोशिश में जुट गया है। पाए गए जीवाश्म के इतिहास पर भी कई तरह की चर्चा विद्यार्थियों के अलावे शोधकर्ताओं के बीच हो रही है। वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरव चंद्रा का कहना है कि पाया गया जीवाश्म 8 से 10 करोड़ साल पुराना है। सौरभ चंद्रा ने बताया कि बरमसिया गांव में पाए गए जीवाश्म की सही और विस्तृत जानकारी हासिल करने के लिए जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम आगामी 4 मार्च को पाकुड़ आ रही है। उन्होंने बताया कि पाए गए जीवाश्म की सुरक्षा और उसके बेहतर रख-रखाव को लेकर प्रयास जारी है। इसके साथ ही जीवाश्म के लिए जियोलॉजीकल पार्क और म्यूजियम बनाने की दिशा में भी प्रयास किया जा रहा है। ताकि शोधकर्ता और विद्यार्थी इसका अध्ययन कर सकें और भविष्य में इसका लाभ मिल सके। पाकुड़ सदर प्रखंड के कई इलाकों में फॉसिल्स पाए जाने को लेकर बॉटनी के प्रोफेसर डॉ. प्रसनजीत मुखर्जी का कहना है कि पाकुड़ राजमहल पहाड़ी क्षेत्र में आता है और पाकुड़ में पूर्व में भी फॉसिल्स पाया गया है। प्रोफेसर ने बताया कि इन इलाकों में वैज्ञानिक डॉ. बीरबल सहनी और डॉ बीडी शर्मा ने फॉसिल्स की खोज की थी।राजमहल पहाड़ी क्षेत्र में पाए जाने वाले फॉसिल्स 68 से 145 मिलियन साल पुराने हैं, यह अनुमान लगाया गया है।

### डीएसओ ने हिरणपुर एवं पाकुड़ प्रखंड के लैम्प्स का किया निरीक्षण

हिरणपुर (पाकुड़ )जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला प्रबंधक द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत चयनित डांगापाड़ा लैम्प्स एवं बरमसिया लैम्प्स तथा पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत कालिदासपुर लैम्प्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अधिप्राप्त की गई धान की मात्रा से संबंधित पंजी, भंडार पंजी एवं भंडार में रखे गए धान की मात्रा का भौतिक निरीक्षण किया गया। साथ ही अधिक से अधिक पंजीकृत किसानों से धान अधिप्राप्ति करने हेतु उचित दिशा निर्देश दिया गया।

### हाइवा व बाइक की टक्कर, एक घायल

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा साहेबगंज मुख्य सड़क बांसजूरी के समीप शनिवार को हाइवा व मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जोरडीहा (मरगो )गांव निवासी चापू पहाड़िया (30) आपने मोटरसाइकिल में बैठकर खाम्भी से अपने घर आ रहे थे उसी दरमियान हाइवा ट्रेलर संख्या जेएच 04 एसी 4555 गोड्डा की ओर से हिरणपुर जा रही थी ठीक बांसजूरी के समीप दोनों में भिड़ंत हो गई। जिससे मोटरसाइकिल चालक सड़क पर गिर गए ओर गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दिया। घटना की खबर सुनते ही पुलिस घटना स्थल पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये,जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया। वही पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाना लाया है। वही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि घटना में घायल व्यक्ति को उठाकर अस्पताल लाया गया । साथ ही दोनों वाहनों को जब्त कर छानबीन में जुट गए हैं।

### नवीन कुमार किया रक्तदान

पाकुड़ । सदर अस्पताल पाकुड़ मे इलाजरत मोहनपुर के रेहाना खातून 8 वर्षीय मासूम बच्ची जो थैलेसीमिया रोग ग्रसित है उन्हें ओ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ी । सदर अस्पताल के डॉक्टर ने ब्लड चढ़ाने का सलाह दिया ।परिवार वाले काफ़ी खोजबीन की मगर रक्त का व्यवस्था नहीं हो सका। परिवार वाले के परेशानी को देखते हुए पाकुड़ ब्लड बैंक के कर्मचारी नवीन कुमार ने खुद आगे आकर ओ पॉजिटिव रक्त बच्चों के लिए दान किया ।तब जाकर इलाज संभव हो पाया । नवीन कुमार ने कहा रक्तदान करके बहुत ख़ुशी महसूस हो रही है आगे भी रक्तदान करता रहूंगा । जिला पाकुड़ के तमाम संस्था को उन्होंने तहे दिल से धन्यवाद दिया जो निस्वार्थ सेवा भाव से रक्तदान करते हैं ह ।रक्तदान महादान मौक़े पर, फूटी कर्मचारी नविन कुमार एवं पियूष दास मौजूद थे ।

### विज्ञान प्रदर्शनी का डीसी ने किया उद्घाटन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेश पर राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय के द्वारा पाकुड़ में एक मार्च से 31 मार्च तक भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी एक बस में स्थित है जो कुल नौ क्लस्टर विद्यालयों में तीन-तीन दिनों तक प्रदर्शन करेंगी। उपायुक्त द्वारा प्रदर्शनी हेतु कुल नौ क्लस्टर विद्यालय का चयन किया गया है।भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन के क्रम में उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा बताया गया कि यह



प्रदर्शनी विद्यालय के छात्रों के लिए बहुत ही शिक्षाप्रद है। सभी उच्च + 2 विद्यालय के छात्रों को इस प्रदर्शन का तिथिवार अवलोकन कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी वास्तव में बच्चों के बीच जिज्ञासा उत्पन्न करने, उनकी रचनात्मक और कल्पना को उजागर करने का एक शानदार अवसर प्रदान करती है। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति, हरिणडंगा उच्च विद्यालय के प्राचार्य एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं सहित सहायक पंकज नीलम, सादिक अली उपस्थित थे।

### सबवे निर्माण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी ने किया स्थल निरीक्षण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़ । शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी के नेतृत्व में चार सदस्यीय जांच टीम माल गोदाम के निकट केलभट संख्या हुई 233 पर आमजनों के आवागमन योग्य रास्ते को विकसित करने हेतु स्थलीय जांच किया। जांच दल में अंचल पदाधिकारी पाकुड़ भागीरथ महतो,पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता वीर राधवन,सहायक अभियंता प्रदीप कुमार बसाक,कनिय अभियंता कार्य पूर्व रेलवे पाकुड़ परितोष रंजन,अनुभाग अभियंता दुरभाष संजय कुमार ओझा मौजूद थे।इस दौरान ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय,सचिव राणा शुक्ला मौजूद रहे। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय के द्वारा उपायुक्त पाकुड़ को शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को लेकर पाकुड़ माल गोदाम रोड स्थित संख्या 233 को आमजनों के आवागमन हेतु विकसित करने को लेकर ज्ञापन सौंपा था,जिसका स्थलीय निरीक्षण किया गया।यह पथ रेलवे मार्ग गोदाम से होते हुए मत्स्य विभाग के बगल से तांतीपाड़ा को विभिन्न यातायात स्त्रोत को जोड़ने वाला एक प्रमुख रोड बन सकता है। जिससे बहुत हद तक जाम की समस्या से मुक्ति मिलने की संभावना है।बताते चलें कि पाकुड़ मालगोदाम के आसपास कैलाश नगर, बागतीपाड़ा,रेलवे कॉलोनी,हटात पाड़ा,पार्वती नगर आदि जैसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। लोगों को आने जाने के लिए रेलवे लाइन पार करने के लिए विवश होना पड़ता है। इस पथ से होकर इसाकपुर, रहसपुर,नवादा,ईलामी,तारानगर, मनीरामपुर,संग्रामपुर इत्यादि के आमजन भी आवागमन करते हैं।ऐसे में अगर इस कैलभट को आमजनों के आवागमन के लिए विकसित किया जाता है तो दो पहिया,वाहन,ई रिक्शा, साईकिल तथा पैदल यात्रा करने वाले आम नागरिकों के आवागमन की समस्या का समाधान किया जा सकेगा।

### दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**संताल एक्सप्रेस** महेशपुर (पाकुड़ )प्रखंड अंतर्गत बीबीसी अर्जुनदहा मांझीटोला की ओर से शनिवार को दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल खेल का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों के बीच फाइनल खेला हुआ ।इस प्रतियोगिता के फाइनल खेल में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो की युवा नेत्री उपासना मरांडी,झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य पिंकू शेख शामिल हुआ । मुख्य अतिथि के पहुंचने से खेल कमिटी के द्वारा आदिवासी नाच गान गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया ।फाइनल खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने फुटबॉल को आसमान में उछाल कर किया । वही फाइनल खेल बीर बजल वनम देहरी स्टार के बीच हुआ । जिसमे देहरी स्टार की टीम ने बीर बजल को टीम को एक गोल से पराजित कर खिताब अपने नाम किया । वही विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में बड़ा खस्सी एवं उपविजेता टीम को छोटा खस्सी देकर पुरुष्कृत किया गया । वही मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दिए साथ ही आगे और भी बेहतर प्रदर्शन करने की बाते कही । इस मौके पर अनुपम मुर्मू, पिंकू शेख,मिल्टन शेख, टॉनिक शेख, रंटू शेख, रेजाउल शेख,मोती शेख,रायमन हंसना, सुलेमान हांसदा ,शिवचरण बेसरा, महादेव देहरी, सोनिया देहरी, साहेबराव, साहेब किस्कू, लदो दा, श्रीनाथ समेत खेल प्रेमी मौजूद थे।

### फरक्का ने जीता अटल कप सीजन-2 का खिताब उधवा को 6 विकटों से हराया

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



हिरणपुर (पाकुड़ )फुटबाल मैदान में आयोजित अटल कप सीजन 2 का फाइनल मैच इंग्लिश इलेवन उधवा एवं फरक्का के बीच खेला गया। जिसमें फरक्का ने उधवा 6 विकेट से हरा दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह भाजपा नेता दिनेश विलियम मरांडी, भजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, जबरदाहा मखिया राखी हांसदा आदि उपस्थित रहें। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए उधवा की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 125 रनों का स्कोर बनाया। फरक्का की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए पारस ने 4 ओवरों में महज 8 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी फरक्का की टीम ने महज 4 विकेट खोकर 14वें ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पारस को मैन ऑफ द मैच एवं टूर्नामेंट का बेस्ट गेंदबाज़ चुना गया। वहीं टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सौरभ कसाना को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि के द्वारा ट्रॉफी एवं 2 लाख 1 हज़ार नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं 1 लाख 10 हज़ार का नगद पुरस्कार दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामेश्वर दास, कमिटि के अध्यक्ष पंकज रविदास, श्यामल रविदास, जितेंद्र श्यामा, राहुल, विनोद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्टोन बोल्डर लदा हाईवा जब्त

हिरणपुर( पाकुड़ )थाना क्षेत्र के शीतपहाड़ी से एक स्टोन बोल्डर(पत्थर) लदे हाईवा को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की टीम ने जब्त किया है। टीम में शामिल जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार व खान निरीक्षक नवीन कुजुर ने पुलिसबल की मदद से हिरणपुर-कोटालपोखर मुख्य सड़क पर शीतपहाड़ी गांव के समीप छापेमारी के दौरान हाईवा वाहन संख्या जेएच04 आर/ 2536 में स्टोन बोल्डर(पत्थर) लदा हुआ पाया। जैसे ही जांच के लिए पदाधिकारी ने उसे रोका चालक मौके से भाग निकला। जिसके बाद खनन विभाग ने वाहन के चालक व मालिक पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### प्रार्थना सभा में शामिल हुए हेमलाल मुर्मू

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़ ) प्रखंड के बांडू फुटबॉल मैदान में एक धार्मिक कार्यक्रम के प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा मे लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू मुख्याथिति के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के सभी धर्मगुरु भी शामिल हुए।म विधायक ने कहा की इस सभा में उपस्थित होकर अभिभूत हु ।मै चांदू बाबा ईश्वर से प्रार्थना करते है, की हमारे लिट्टीपाड़ा सहित पूरे झारखंड के लोग सुखी रहे समृद्ध रहे स्वास्थ रहे खुश रहे आपलोग खुश रहेंगे तो झारखंड भी सुखी ओर खुश रहेगा कार्यक्रम में मुख्यरूप से जेएमएम के वरिष्ट कार्यकर्ता विकाश मुर्मू संयोजक मंडली सदस्य समद अली ,दानिएल किस्कू , सुनील टुडू मुखिया रामधन मुर्मू, रंजन सहा सहित सभी फादर धर्मगुरु हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### एमडीएम में कोयले की उपयोग करने पर होगी कार्रवाई

**हिरणपुर(पाकुड़)।** शनिवार को प्रखंड संसाधन केंद्र हिरणपुर में मासिक गुरुगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें बीईईओ रफीक आलम ने उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापको को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एमडीएम बनाने में गैस का उपयोग करे। कोयले से भोजन बनाने की सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीईईओ ने सभी विद्यालयों की बारी बारी से समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी किसी विद्यालयों में कोयले से भोजन बनाने की शिकायत मिल रही है। इस पर तुरन्त सुधार लाये। उन्होंने एमडीएम को लेकर उपलब्ध कराए गए चावल व राशि की स्थिति से भी अवगत हुए। विद्यालय में बच्चो की उपस्थिति को लेकर शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चो की उपस्थिति कम नही होना चाहिए। सभी बच्चे ससमय विद्यालय पहुंचे। गोष्ठी के दौरान विद्यालयों की शौचालय , पेयजल आदि की भी समीक्षा की गई। उधर बीईईओ द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवपुर , उमवि घाघरजानि व उमवि गोपालपुर के शिक्षकों को तीन-तीन ब्लेजर उपलब्ध कराई गई। जिसे विद्यालय के तीन टॉपर छात्राओ के बीच वितरण किया जाना है। इस अवसर पर बीपीओ किशन भंगत , बीआरपी संजय जयसवाल , सीआरपी सुजीत चार आदि

### मनाया गया नीतीश कुमार का जन्मोत्सव



पाकुड़ । शनिवार को जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय में जिला अध्यक्ष गौतम मंडल के नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74 वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनी टुडू, हीरणपुर प्रखंड अध्यक्ष जीतलाल टुडू, पार्टी के जिला प्रवक्ता अमन कुमार भगत, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के पार्टी पत्तधिकारी रामेश्वर मुर्मू,बाबुधन सोरेन,बबलू मरांडी,जोसेफ्स मरांडी,छोटे मरांडी,बाबुधन सोरेन, मोतीलाल हेम्ब्रम आदि उपस्थित रहे।

### 140 असहाय एवं विधवा के बीच खाद्य सामग्री का किया गया वितरण



**संताल एक्सप्रेस** संवाददाता महेशपुर (पाकुड़ ) प्रखंड के जयपुर पंचायत के नयाग्रम गांव में 140 असहाय लोगों को पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद जिले के एक गैर सरकारी संगठन क्रिसेंट एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के माध्यम से खाद्य सामग्री का वितरण किया गया । ट्रस्ट द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान क्रिसेंट एकेडमी के संपादक एमडी सोबिउल इस्लाम ने कहा कि यह एनजीओ न केवल शिक्षा के लिए काम करता है बल्कि विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य भी करता है जैसे कि अनाथ छात्रों के लिए सर्दियों के कपड़े, किताबें , खाद्य सामग्री का वितरण करना और यहां तक कि मदद भी करता है। जिससे गरीब छात्रों में नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी भी पैदा होता है।उन्होंने कहा कि इस शैक्षणिक संस्थान से उत्तीर्ण कम से कम 13 छात्र राज्य और देश के विभिन्न सरकारी और मेडिकल कॉलेजों में अध्ययन कर रहे हैं। इसके अलावा, लगभग 50 छात्र विभिन्न स्वास्थ्य क्षेत्रों में अध्ययन कर रहे हैं। यह संस्था अल अमीन मिशन के सहयोग से चलती है। इसके अलावा, यह क्षेत्र की युवा और विधवा महिलाओं के लिए 3 पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक संस्थान और सिलाई स्कूल भी चलाता है। यह संस्था असहाय, अनाथ छात्रों को विशेष लाभ प्रदान करती है बहुत ही कम लागत पर यह विशेष वर्ग विभिन्न प्रकार से समाज सेवा के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहता है।ट्रस्ट के सचिव वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद सईदुर्रहमान ने कहा कि हमारा ट्रस्ट पिछड़े समाज को आगे ले जा सकता है और देश के मेधावी छात्रों व युवाओं को वास्तविक नैतिक शिक्षा देने का काम बखूबी कर रहा है।वही खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम में शिक्षक नजमुल हक ,राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची से मामूनूर रहमान ,हजीकुल शेख ,अब्दुल रहमान समेत कई लोग मौजूद थे।

## इंटक नेताओं ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह का किया स्वागत, कहा-

# एम्स के विस्थापितों व स्थानियों को नौकरी में नहीं मिल रही प्राथमिकता



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** रांची से गोड्डा जाने के क्रम में देवघर परिसदन में आई झारखंड सरकार की मंत्री सह संताल परगना प्रमंडल की संगठन प्रभारी दीपिका पांडे सिंह का देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार,देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष व जिला इंटक के कार्यकारिणी की सदस्य प्रमिला देवी तथा जिला इंटक महासचिव प्रीतम पांडे द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर इंटक नेताओं द्वारा दीपिका पांडे सिंह को देवीपुर एम्स में गई जमीन के विस्थापितों को नौकरी में प्राथमिकता न मिलने तथा 75प्रतिशत स्थानीय को नौकरी में प्राथमिकता न मिलने के बारे में जानकारी देकर उक्त मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई तथा साथ ही जिला में लुंज पुंज हो चुके संगठन के बारे में भी जानकारी दी गई।

## मंत्री ने की समीक्षा बैठक, विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**देवघर।** झारखंड सरकार में मंत्री और महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने आज शनिवार को देवघर सर्किट हाउस में ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की और लंबित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास कार्यों में तेजी लाना और योजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू करना है, ताकि जनता को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाए और विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें ग्रामीण सड़कों, पेयजल, जल संरक्षण, शौचालय निर्माण, मनरेगा और पंचायत भवनों से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा, हमारा संकल्प है कि विकास की रफ्तार तेज हो और जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# देवघर में साइबर ठगों का भंडाफोड़ : फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लूट रहे थे करोड़ों, 8 गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। डीआईजी सह एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देशन में जसीडीह थाना क्षेत्र के घोरलास जंगल में छापेमारी कर 8 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इन अपराधियों के पास से 8 मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड और अन्य संदिग्ध डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। देवघर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जसीडीह थाना अंतर्गत घोरलास जंगल में कुछ संदिग्ध लोग साइबर ठगी कर रहे हैं। सूचना के अनुसार, ये अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर प्रतिनिधि और सरकारी पदाधिकारी बनकर आम लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी कर रहे थे। पुलिस ने जब इस मामले की तफ्तीश की, तो पुष्टि हुई कि ये अपराधी फर्जी नंबरों से कॉल कर लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खातों से पैसा उड़ा रहे हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि ये साइबर अपराधी विभिन्न फर्जी तरीकों से लोगों को ठगने का काम कर रहे थे। उनके द्वारा अपनाए जाने वाले प्रमुख तरीके में बैंकों के अधिकारी बनकर लोगों को फोन करते थे और उनके खातों में आई कथित समस्या के बारे में बताते थे। इसके बाद वे व्हाट्सएप पर एक मैलिशियस लिंक भेजते थे, जिसे पीड़ित के क्लिक करते ही उनके बैंकिंग लॉगिन डिटेल्स ठगों




के पास पहुंच जाते थे। इसके बाद ये अपराधी उनके खातों से पैसे निकाल लेते थे। ये ठग फोन पे और पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बनकर फोन करते थे और उपभोक्ताओं को कैशबैक का झांसा देते थे। वे फर्जी गिफ्ट कार्ड बनाने को कहते थे और फिर उसे रिडीम कर अपने खातों में पैसे ट्रांसफर कर लेते थे। कई मामलों में, वे ग्राहकों को यह कहकर गुमराह करते थे कि उन्हें केवाईसी अपडेट करना होगा, और इसी बहाने उनकी बैंकिंग डिटेल्स चुरा लेते थे। ये साइबर ठग व्हाट्सएप और एसएमएस के जरिए फर्जी बैंक या सरकारी लिंक भेजते थे। पीड़ित जैसे ही लिंक पर क्लिक करता, उसका फोन हैक हो जाता और उसकी बैंकिंग डिटेल ठगों तक पहुंच जाती थी। इसके बाद आरोपी, पीड़ित के खाते में लॉगिन कर, उसमें से पैसा ट्रांसफर कर लेते थे। गिरफ्तार आरोपी में रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आमगाछी गांव निवासी रवि कुमार दास, उम्र करीब 25 वर्ष,पिता शंकर दास,खागा थाना क्षेत्र अंतर्गत कांकी गांव निवासी फरीद अंसारी, उम्र करीब 24 वर्ष,पिता मोबिन अंसारी,पथरड्डा ओ0पी0 के गोबरशाला गांव निवासी मुकेश दास, उम्र-करीब 33 वर्ष, पिता-प्रहलाद दास,पथरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत लखीबाजार गांव निवासी विक्रम दास, उम्र करीब 21 वर्ष,पिता स्व0 वासुदेव दास,मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पसिया गांव निवासी रमेश कुमार दास, उम्र करीब 26 वर्ष,पिता अशोक दास,आदेश कुमार दास, उम्र करीब 23वर्ष,पिता भूदेव दास,
राजाबांध गांव निवासी बबलू दास, उम्र-करीब 31 वर्ष,पिता -प्रकाश दास,पसिया गांव निवासी विकास चंद्र दास, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता विजय दास, को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के पास से बरामद मोबाइल नंबरों के विरूद्ध ऑनलाईन शिकायत दर्ज है जो प्रतिबिंब पोर्टल पर दर्ज हैं।
छापामारी टीम में साईबर थाना के पु0नि0 राकेश कुमार रवि,पु0अ0नि0, टेकलाल महतों, शामिल थे।

## नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ



**देवघर ।** शनिवार को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देश में बम्पास टाउन स्थित जलान पार्क के निकट भारत स्वाभिमान के देवघर जिला अध्यक्ष अनुज कुमार त्यागी के नेतृत्व में सात दिवसीय निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ हुआ।जिसमें योग गुरु शंभू कुमार बरनवाल ने गायत्री मंत्र ध्यान के साथ विभिन्न आसन प्राणायाम सुर्य नमस्कार,ताडासन,भ्रष्टिका कपालभाति अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराया एवं उससे होने वाला लाभ विस्तार पूर्वक बताया मौके पर सभी योगाभ्यास में शामिल सदस्यों को चम्मच से पानी पीने का अभ्यास कराया और कहा नियमित एक सप्ताह चम्मच से पानी पीने से अद्भुत चमत्कारी लाभ मिलता है।

## करौं से बाइक की चोरी



**देवघर।** करौं थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की एक घटना सामने आई है। पीड़ित अजय सोरेन (22 वर्ष), पिता स्व. लालू सोरेन, निवासी सागरभंगा, थाना करौं, जिला देवघर ने अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर प्रो की चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित द्वारा थाना में दिए गए लिखित आवेदन के अनुसार, अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली। करौं थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कांड संख्या 17/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है।

## कुण्डा थाना क्षेत्र में वाहन चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**देवघर ।** कुण्डा थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित मनीष राउत 33 वर्ष, पिता राधे श्याम राउत, निवासी कालाकुण्ड, थाना जरमुण्डी, जिला दुमका ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार, उनकी गाड़ी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला संख्या 56/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय

ई०–निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा, देवघर |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक निविदा दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.04.2025 से 30.06.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | `5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | 19.03.2025 से 25.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि। | 19.03.2025 से 25.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | 26.03.2025 से 27.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन की राशि (EMD) (`2500/–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | 26.03.2025 से 27.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | 28.03.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, देवघर की उपस्थिति में। |

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, देवघर के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से सम्बन्धित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा, देवघर

PR 347487 Deoghar(24-25).D



देवघर समाहरणालय
(जिला भू–अर्जन शाखा)

आम सूचना

ज्ञापांक–153/भू अ०, दिनांक–28.02.2025


देवघर जिला अंतर्गत सरकार के अतिमहत्वपूर्ण परियोजना ढीवा मोड़ (रांगा सिरसा–ढीवा–कुकराहा–करौं–करमाटांड़ पथ पर) से करौं पथ (कुल लंबाई–9.050 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/पुर्निनिर्माण परियोजना हेतु ग्राम–पंडुवा, थाना सं०–90, घघरा, थाना सं०–80, ढ़ीबा थाना नं०–79, एवं अलकुसा, थाना नं०–82 अंचल–सारठ, जिला–देवघर के पंचाटियों को मुआवजा भुगतान हेतु व्यक्तिगत नोटिस निर्गत कर मुआवजा राशि भुगतान शिविर का आयोजन दिनांक–08.03.2024 को समय–11:00 बजे पूर्वाह्न में स्थान–प्राथमिक विद्यालय, पंडुवा, प्रखण्ड–सारठ, जिला–देवघर में किया गया है।

अतः आप सभी संबंधित पंचाटियों को निदेश दिया जाता है कि मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु उक्त निर्धारित तिथि को वैद्य साक्ष्य के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि मुआवजा राशि भुगतान के लिए नियमानुसार कार्रवाई किया जा सके।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,देवघर।

PR 347492 Deoghar(24-25)D


## रमजान का चांद नजर आते ही मुस्लिम समाज में खुशी की लहर, इबादत का माहौल शुरू



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** माह-ए-रमजान का चांद नजर आते ही मुस्लिम समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों में उत्साह देखने लायक था,हर तरफ मुबारकबाद का सिलसिला शुरू हो गया। चांद दिखाई देने के साथ ही मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू हो गया,जिससे इबादत का माहौल और अधिक रूहानी हो गया।रमजान के पाक महीने की शुरुआत के साथ ही सेहरी और इफ्तार की तैयारियां तेज हो गईं। लोग सुबह करीब 3 बजे सेहरी कर पहला रोजा रखते हैं और दिनभर इबादत में मशगूल रहते हैं। चांद नजर आते ही बाजारों में भी रौनक बढ़ गई, लोग रमजान की विशेष तैयारियों में जुट गए ताकि इस मुबारक महीने को सुकून और श्रद्धा के साथ गुजार सकें। माह-ए-रमजान को लेकर खास उत्साह मस्जिदों और घरों में देखने को मिला। हर कोई इस पवित्र महीने में अधिक से अधिक इबादत करने और नेकियों को बढ़ाने की तैयारी में जुट गया। इस मुहिम का हिस्सा बनें और बच्चियों को स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य दें।

## आजाद समाज पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** शनिवार को भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास व आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष क्रांतिकारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया।इस अभियान में दर्जनों लोगों ने आजाद समाज पार्टी का दामन थामा। इस दौरान भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से सभी नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को आजाद समाज पार्टी का पट्टा देकर सम्मानित किया और सदस्यता दिलाया इस दौरान भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास ने कहा कि भीम आर्मी सह आजाद समाज पार्टी को निरंतर गति देने की आवश्यकता है साथ ही साथ सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सभी भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के मजबूत सिपाही के रूप में दिन-रात एक करके संगठन को मजबूत करेंगे। आज के इस कार्यक्रम में आशुतोष कुमार,आनंद तुरी,रोहित दास, ऋतिक कुमार,रंजन दास,रंजीत तुरी,कमल कुमार,रोहित दास समेत दर्जनों लोगों ने आजाद समाज पार्टी का दामन थामा साथ ही सभी नवनियुक्त ने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचने का शपथ लिया। इस मौके पर भीम आर्मी के मोहनपुर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश दास, देवघर प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष अमरेश कुमार, महेंद्र तुरी,कालेश्वर दास,रामदेव दास,प्रफुल कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वयं सेविकाओं को साइबर सुरक्षा की दी गयी जानकारी



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई 3 के द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम का तृतीय दिन था। इस बार का थीम डिजिटल लिटरेसी है। कार्यक्रम का द्वितीय सत्र बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता डालसा सचिव तुषार मयंक टोपनो रहे तथा दुसरे वक्ता चीफ लिगल काउंसेलर रहे। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को कानून सम्बंधित विभिन्न जानकारियां दिये तथा साइबर सुरक्षा के बारे में भी बताएं।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ सुचिता कुमारी थे। कार्यक्रम में 50 स्वयं सेविकाएं भाग ली। प्रथम सत्र में कार्यक्रम स्थल गोद लिए हुए गांव बरियार बांधी में महिला तथा बच्चों को सफाई तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया गया।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ करुणा पंजियारा, सदस्य डॉ सीमा सिंह, प्रीति कुमारी एवं सभी प्राध्यापक प्राध्यापिकाओं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविकाओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक पेश किया गया जिसका थीम था. digital awareness. कार्यक्रम में डा किसलय सिन्हा,डॉ रेखा गुप्ता,प्रा॰ ममता कुजुर,डॉ बिपिन कुमार, प्राध्यापिका प्रीति कुमारी, शिखा सोनाली, जेनिस तिग्गा,सुनिता हेम्ब्रम, हेलेना टुडु आदि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भाग लिया।

# 06, 07 व 08 मार्च को होगा राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव का आयोजन : डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** बाबा बैद्यनाथ महोत्सव, 2025 के आयोजन को लेकर स्थानीय केकेएन स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने तीन दिवसीय बाबा बैद्यनाथ महोत्सव के आयोजन को लेकर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही स्टेडियम में आमजनों के सुविधा के साथ बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं विभिन्न स्टॉल के साथ फूड कोर्ट की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया।
इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव को लेकर संबंधित



अधिकारियों को निदेशित किया कि अलग-अलग दिन के लिए अलग-अलग थीम पर आधारित आयोजन किया जाय, ताकि महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा जा सके। साथ हीं कार्यक्रम के तहत लेजर शो, थ्री डी शो, आर्ट गैलेरी, फूड गैलेरी के अलावा स्कूल व कॉलेज के बच्चों को जोड़ा जायेगा।

## डीएवी स्कूल में बच्चों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्थानीय गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन,देवघर में बच्चों के द्वारा लगाई गई विज्ञान की प्रदर्शनी।विज्ञान के शिक्षक विश्व रंजन झा,शशि भूषण सिंह,पूजा सिन्हा,रश्मि सिन्हा एवं सारिका कुमारी के निर्देशन में कक्षा छठी और सातवीं के बच्चों के द्वारा विज्ञान की प्रदर्शनी आयोजित की गई।विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने का मकसद छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना होता है।इस प्रदर्शनी में छात्र अपने वैज्ञानिक नवाचारों और परियोजनाओं को प्रस्तुत करते हैं। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है। इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने 28 फरवरी सन् 1928 में की थी। साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण और रोचक कार्यक्रम होता है। जो विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि और समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करता है।इस कार्यक्रम में छात्र अपने विज्ञान परियोजनाओं और आविष्कारों का प्रदर्शन करते हैं,जो उन्होंने कक्षा में सीखा है या अपने स्वयं के अनुसंधान पर आधारित है।

## आद्रा मंडल पर रोलिंग ब्लॉक : 3 से 9 मार्च तक कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

**देवघर।** आद्रा मंडल पर 3 मार्च से 9 मार्च तक संयुक्त रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम के चलते रेलवे ने ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। इस दौरान कई ट्रेनें रद्द, कुछ ट्रेनों का संक्षिप्त समापन प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें ट्रेन नंबर 68046/68045 आसनसोल आद्रा आसनसोल मेमू पैसेंजर 3 से 9 मार्च तक रद्द,63594/63593 आसनसोल पुरुलिया आसनसोल मेमू पैसेंजर 3 से 8 मार्च तक रद्द,वही 68056/68060 टाटानगर आसनसोल बाराभूम मेमू पैसेंजर 3,4 और 8 मार्च यह ट्रेन आद्रा में समाप्त होगी और वहीं से प्रारंभ होगी। आद्रा-आसनसोल खंड पर रद्द। 63594/63593 आसनसोल पुरुलिया आसनसोल मेमू पैसेंजर 4, 5, 7 और 9 मार्च यह ट्रेन आद्रा में समाप्त होगी और वहीं से प्रारंभ होगी आद्रा-पुरुलिया खंड पर रद्द।13503/13504 बर्द्धमान हटिया बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस 3, 6 और 8 मार्च यह ट्रेन गोमो में समाप्त होगी और आद्रा से प्रारंभ होगी गोमो-हटिया खंड पर रद्द कर दिए है।

## अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जब्त

**देवघर।** करों थाना पुलिस ने अवैध रूप से बालू लोड कर परिवहन कर रहे एक महिंद्रा ट्रैक्टर लाल रंग, को जब्त किया है। ट्रैक्टर के साथ जुड़ा टेलर बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का पाया गया। सूत्रों के अनुसार, ट्रैक्टर में 100 सीएफटी बालू लोड था, जिसे अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में जिला खनन पदाधिकारी, देवघर को प्रतिवेदन भेजते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की है। पुलिस का कहना है कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में अवैध बालू खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है।

## कैंसर जागरूकता आयोजन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** इनर व्हील क्लब देवघर के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत शाम 3:00 बजे संत फ्रांसिस स्कूल से फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट कुमैठा तक रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान अध्यक्ष अर्चना भगत के नेतृत्व में तथा सरिका साह ,रश्मि रंजन, कंचन मूर्ति के सहयोग से संपन्न होगा।जैसा कि हम सभी जानते हैं,कैंसर एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन सर्वाइकल कैंसर का टीका (वैक्सीन) लगवाकर हम 9 से 14 वर्ष की बच्चियों का जीवन बचा सकते हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना और बच्चियों को इस टीके के महत्व के बारे में जानकारी देना है। इनर व्हील क्लब इस महत्वपूर्ण संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहा है।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा आमंत्रण सूचना – RDSPL/PAKUR/03/2024-25
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | महेशपुर | पाकुड़ जिला के महेशपुर प्रखण्ड अन्तर्गत भागाबांध में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | छ माह |
| 02 | पाकुड़िया | पाकुड़ जिला के पाकुड़िया प्रखण्ड अन्तर्गत खजुरडंगाल में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | छ माह |
| 03 | अमड़ापाड़ा | पाकुड़ जिला के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत तेलियापाड़ा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | छ माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.03.2025 से दिनांक 24.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पाकुड़
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7991153157 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़

PR 347465 Rural Work Department (24-25)_D



अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, देवघर
(खाद्य सुरक्षा शाखा)
email:-deogharacmo@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा देवघर जिला अन्तर्गत सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य कारोबार शुरु करने के पहले FSSAI Food License/ Registeration सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है। बिना वैध अनुज्ञप्ति/ पंजीयन धारी खाद्य कारोबारकर्ता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा– 63 के अन्तर्गत 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इस संदर्भ में देवघर जिले के सभी खाद्य कारोबारियों के लिए देवघर जिले में FSSAI Food License/ Registeration कैम्प का आयोजन अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| आयोजन स्थल का नाम | दिनांक | आवेदन का प्रकार | खाद्य कारोबारियों का प्रकार | शुल्क | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| पुराना सदर अस्पताल परिसर, नियर– टावर चौक, देवघर। | 04.03.2025 (मंगलवार) | FSSAI Food License And Registeration | 12 लाख से अधिक सालाना विक्रय वाले दुकानदार के लिए Food License | 2000–3000/– रुपया सालाना | 10:00 बजे पूर्वा0 से 04:00 बजे अप0 तक |
| न्गर परिषद् परिसर, मधुपुर। | 08.03.2025 (शनिवार) | | 12 लाख से कम सालाना विक्रय वाले दुकानदार के लिए– Food Registeration | 100/– रुपया सालाना | |

लाईसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज विवरणी
1. आवेदक/ प्रोपराईटर की संपूर्ण विवरणी (नाम, पता, मोबाईल नं0, ईमेल आईडी आदि)।
2. आवेदक/ प्रोपराईटर का पहचान–पत्र (आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ पेन कार्ड)।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण–पत्र (सेल डीड/अद्यतन् सेल डीड/बिजली बिल/राजस्व रसीद आदि)।
4. प्रोपराईटरसीप से संबंधित स्वघोशणा पत्र/ पार्टनरसीप डीड।
5. मैनुफैकचरींग युनिट हेतु अतिरिक्त दस्तावेजः–
 क) मैनुफैकचरींग युनिट का फोटो प्रोसेसिंग एरिया सहित।
 ख) मैनुफैकचरींग युनिट का ले–आउट/ ब्लु प्रिंट।
 ग) मैनुफैकचरींग उत्पाद की सूचि, मशीन उपकरण की सूची।
 ध) रिकॉल प्लॉन।
6. होटल/ कैटर्र/रेस्टूरैन्ट/ मैनुफैकचरींग के लिए उपयोग में लाए जा रहे पेय जल की की शुद्धता रिर्पोट।
7. प्रतिष्ठान से संबंधित सभी कागजात में प्रतिशठान का मोहर एवं प्रतिष्ठान के संचालक का हस्ताक्षर होना चाहिए।

रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज विवरणी
01. आवेदक/ प्रोपराईटर का पासपोर्ट साइज फोटो।
02. आवेदक/ प्रोपराईटर का पहचान–पत्र।
03. आवेदक/ प्रोपराईटर का पैन कार्ड।
04. प्रतिष्ठान का पता हेतु कोई भी कागजात (सेल डीड, बिजली बिल, राजस्व रसीद आदि)

अतः देवघर जिला के सभी खाद्य कारोबारी– फुटकर विकेता, थोक विकेता, वितरक, भण्डारक, उत्पादक, परिवाहक, होटल, रेस्टूरैंट, होटल, कैटर्र, मछली दुकान, अण्डा दुकान, फुड सप्लिमेंट बेचने वाले दवा दुकान, सरकारी एवं अर्ध–सरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैन्टीन इत्यादि के संचालक/ मालिक/ प्रोपराईटर/ पार्टनर आदि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथि को आयोजित कैम्प में सभी कागजातों के साथ उपस्थित होकर लाईसेंस/ रजिस्ट्रेशन के पंजीकरण हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है।

प्रभारी अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, देवघर

PR 347502 Deoghar (24-25)_D

# कैग की रिपोर्ट में नहीं है दम, हमारी सरकार ने नहीं की कोई अनियमितता, मामला रघुवर सरकार का : इरफान अंसारी

## ● ट्राइबल होने की वज़ह से बाबूलाल मरांडी को भाजपा में नहीं मिल रहा है सम्मान

**दुमका ब्यूरो**

**दुमका ।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी शनिवार को एक केस में पेश होने के सिलसिले में दुमका स्थित एमपी एमएलए कोर्ट आए। इसके बाद दुमका परिसदन में संवाददाताओं से मुखातिब होते हुए कोविड के समय झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग में हुए गड़बड़ी पर कैग रिपोर्ट के बारे में कहा कि कैग ने जो रिपोर्ट दिए हैं उसमें कोई दम नहीं है।कहा कि कोविड का आपदा का समय था जहाँ लोगों की जान बचाना पहला धर्म था ऐसे मे लोगों की मदद करना सरकार का कर्तव्य ही नहीं बल्कि धर्म था।बता दे कि प्रधान महालेखाकार इंदु अग्रवाल ने रिपोर्ट पेश की है कि झारखण्ड में कोविड के समय सरकार को मिले राशि 19125 करोड़ की राशि खर्च नहीं की सरकार ने मात्र राशि का 20 फीसदी ही खर्च की जबकि इस पैसे से इस आपदा के समय अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर, दवा, जीवन रक्षक, रेमडीसीवर जैसे दवा नहीं बाँटी गई।

मंत्री इरफान अंसारी कहा कि यह रिपोर्ट कितना सत्य है या कितना असत्य , यह मेरे समझ से परे है । इसमें कितनी सच्चाई है यह जांच के बाद ही पता चलेगा । वैसे पूर्व में कैग ने तो 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला का भी रिपोर्ट दिया था , कलमाडी साहब को भी गलत बताया था पर वे बेदाग साबित हुए ।



----------------------

मंत्री ने कहा कि यह वर्तमान में भले ही मेरे विभाग का हो पर यह यह मामला रघुवर दास के कार्यकाल का है । बाबूलाल मरांडी जो अभी कैग रिपोर्ट को लेकर हमारे खिलाफ अभी बोल रहे हैं तो जब मेरी यह बात उन तक पहुंचेगी कि यह भाजपा के शासनकाल का है तब वे इसके खिलाफ नहीं बोलेंगे ।

----------------------

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की भाजपा में इज्जत नहीं है इसकी वजह यह है कि वे ट्राइबल हैं । विधानसभा में भी उन्होंने बोलना छोड़ दिया है। उन्हें सी.पी.सिंह और अन्य नेताओं द्वारा दबा कर रखा गया है । उन्होंने बाबूलाल मरांडी को यह सलाह दी कि आप बीजेपी को छोड़ दें । भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में कमल फूल अब पूरी तरह से मुरझा चुका है । इसमें कोई उत्साह नहीं बचा है । सदन में हेमंत सरकार के सामने रखने के लिए उनके सामने कोई मुद्दा नहीं है । आज भाजपा अपने दिल्ली स्थित अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर नहीं चल कर नागपुर से संचालित हो रहा है ।

--------------

**बांग्लादेशी के नाम पर भाजपाइ मुसलमानो को कर रहे अपमानित**

इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान बांग्लादेशी के नाम पर इस क्षेत्र के मुसलमानों को काफ़ी अपमानित किया । चुनाव के बाद जनता ने भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दिया ।

----------------

**जिला अधिवक्ता संघ पहुंचे मंत्री इरफान**

दुमका जिला बार एसोसिएशन पहुंचे मंत्री इरफान जहां पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं के लिए भवन निर्माण के लिए जमीन की मांग की। इस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि हमारी इस मामले में भूमिका सीमित है। आप लोग रांची लिए सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर इस समस्या का निदान कर दिया जाएगा।

# जरमुंडी के निर्माणाधीन श्याम मंदिर से दुमका के लिए निकली निशान यात्रा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**


**जरमुंडी ।** जरमुंडी बाजार स्थित दानीनाथ मंदिर परिसर के समीप निर्माणाधीन खाटू श्यामजी के मंदिर से शनिवार को दुमका के दादी श्याम मंदिर तक निशान शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर स्थानीय दर्जनों श्रद्धालुओं ने अपने हाथों में निशान, झंडे लेकर श्री श्याम का जयकारा लगाते हुए दुमका के लिए रवाना हुए। दुमका पहुंचकर श्यामभक्तों ने दादी श्याम मंदिर में निशान चढ़ाया। इस दौरान जगह जगह पर श्री श्यामजी के प्रेमी भक्तों द्वारा निशान यात्रा का स्वागत किया गया और शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गयी।

इस कार्यक्रम में शिबू भुवानियां, मनोज भुवानियां, ललित भुवानियां, मनीष भालोटिया, रंजन टिबड़ेवाल, सोनू कुमार, अंकित भुवानियां, सौरभ भुवानियां, छोटू, संजय भुवानियां, ऋषभ भुवानियां, शिवकुमार भुवानियां, राजेश भुवानियां, सुनील भुवानियां सहित दर्जनों महिला-पुरुष व बालक,किशोर और युवा भक्त शामिल थे।

## असामाजिक तत्वों ने पोस्टर चिपका कर खुर्शीद अंसारी को दी धमकी

**संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** पुलिस ने शनिवार को बेनागढ़िया कौवामहल दुर्गा मंदिर के सामने स्थित खुर्शीद अंसारी की दुकान पर भाकपा माओवादी द्वारा चिपकाए गया धमकी भरा पोस्टर बरामद किया है। पोस्टर में लिखा गया है कि साल बदरा में जो तुम्हारी जमीन है उसे हमारे हवाले कर दो नहीं तो अंजाम बुरा होगा। ग्रामीणों से पोस्टर लगाए जाने की सूचना पाते ही शिकारीपाड़ा थाना के अवर निरीक्षक हेमंत भोक्ता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पोस्टर को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। बताते चलें कि शनिवार को कौवा महल में बड़ा साप्ताहिक हाट लगता है। पोस्टर लगाए जाने की चर्चा काफी जोरों पर है। कयास लगाया जा रहा है कि भय



उत्पन्न करने के उद्देश्य से पोस्टर लगाया गया है। बहरहाल मामला जो भी हो जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि यह घटना की सच्चाई क्या है। हालांकि इस घटना से ग्रामीणों में खौफ देखा जा रहा है। इस मामले में थाना प्रभारी अमित कुमार लकड़ा से पूछने पर बताया कि यह असामाजिक तत्वों का काम है।

## ई-रिक्शा पलटने से तीन वर्षीय बच्चा व दो महिला सहित तीन घायल, एक रेफर



**जरमुंडी ।** दुमका देवघर मुख्य मार्ग पर जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना सीएचसी के समीप शनिवार को एक ई रिक्शा पलट जाने से तीन वर्षीय एक बालक और दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे, शिक्षक अनिल पत्रलेख,सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल, बबलू यादव, सदानंद पत्रलेख व अन्य नागरिकों ने घायलों की सहायता की और सभी को जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां मौजूद डॉक्टर व अन्य चिकित्सा कर्मियों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल खुशबू देवी (40 वर्ष) पति नीरज मणि को बेहतर चिकित्सा हेतु रेफर कर दिया गया है।वहीं अन्य घायलों में लक्ष्मी कुमारी (25 वर्ष) पति अमरेश राउत एवं उसका तीन वर्षीय पुत्र अर्णव कुमार शामिल है।सभी ग्राम गुमो , मोतिया डुमरिया , जिला गोड्डा निवासी बताये जाते हैं। जानकारी के अनुसार जरमुंडी के कैरो गांव में आगामी दो मार्च को शादी का आयोजन होनेवाला है। घायल खुशबू देवी अपनी ननद के घर शादी समारोह में आए हुए थे। शादी समारोह के लिए जरमुंडी बाजार से खरीददारी कर ई रिक्शा से सभी कैरो गांव लौट रहे थे। इसी क्रम में पुराने सीएचसी के समीप ई रिक्शा पलट गई और सभी घायल हो गए।

## दानीनाथ मेला घूमने आएं युवक की बाइक चोरी

**काठीकुंड।** शुक्रवार की देर रात काठीकुंड प्रखंड के दानीनाथ मंदिर के सामने से सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है7 मामले में थाना क्षेत्र के तेलियाचक निवासी पार्थो मंडल ने बताया कि बीती रात करीब 9 बजे अपनी आसमानी रंग की ग्लेमर मोटरसाइकिल JH04H4856 को मंदिर के समीप सड़क किनारे हैंडल में ताला बंद करके खड़ी कर मेला घूमने गया था। मेला घूमकर लगभग साढ़े दास बजे लौटा तो देखा मोटरसाइकिल अपनी जगह से गयाब थी। काफ़ी खोजबीन करने के बावजूद भी मोटरसाइकिल का कहीं पता नहीं चल पाया। मामले को लेकर शनिवार को पीड़ित ने स्थानीय थाना मे मोटरसाइकिल चोरी होने का स्नहा दर्ज़ कराया है।

## गुरु गोष्टी सह मासिक बैठक का आयोजन



**गोपीकांदर।** गोपीकांदर प्रखडं संकुल संसाधन केंद्र में शनिवार को गुरु गोष्ठी सह मासिक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के कुल 8 संकुलों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए, बैठक पालियों में आयोजित हुई, प्रथम पाली में कन्या मध्य विद्यालय गोपीकंदर, मध्य विद्यालय छतरचुआं, मध्य विद्यालय दुर्गापुर एवं मध्य विद्यालय दलदली संकुल की हुई तथा दूसरी पाली में मध्य विद्यालय आरीचुआं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोल्हा, मध्य विद्यालय कारीपहाड़ी एवं मध्य विद्यालय कुशचिरा संकुल का हुआ। बैठक में शिक्षकों को बायोमैट्रिक में ऑनलाइन उपस्थित बनाने की सख्त निर्देश, अपार बनाने 100 प्रतिशत बच्चों का आदेश, मध्याह्न भोजन मासिक प्रतिवेदन फरवरी 2025 का जमा करना, रसोइया का मानदेय संबंधित प्रमाणपत्र, वैधानिक अंकेक्षण छायाप्रति, 50 वर्ष पूर्ण किये हुए रसोइया को वृद्धावस्था पेंशन बना है या नहीं प्रपत्र में भरकर देना, खाता विहिन, आधार विहिन बच्चों की सूची, उल्लास ऐप में अपलोड संबंधित प्रतिवेदन, ई-विद्यावाहिनी पोटल पर नये सीएमसी सदस्य का डाटा अपलोड से संबंधित प्रतिवेदन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी समीम परवेज़, बीआरपी परवेज़ अख्तर, गुलसुलवर सुल्तान, मृत्युंजय मरांडी, मंगल हांसदा, शिवकुमार भगत, मनीष मंडल, सुनील भगत, कौशिक सिंह, दिलिप तिवारी, उमेश हेंब्रम , सुहागिनी मुर्मू, पुष्पलता टुडू, सालोनी टूडू सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल थें।

**डीसी ने जनता दरबार में आए शिकायतों की विभागवार की समीक्षा, कहा-**

# अधिकारी शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें व निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को दें

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** जिला उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की शनिवार को समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रखंड स्तर पर प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें तथा शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराए।



कहा कि प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी निर्धारित वेब पोर्टल पर अपडेट रखें ताकि शिकायतकर्ता अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी ले सकेंगे। उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाते हुए सभी सुयोग्य लाभुको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदन की भी समीक्षा की गई।

ठक में उप विकास आयुक्त, जिले के सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीडीसी ने इंजीनियर के मानदेय भुगतान पर लगायी रोक



**दुमका ।** उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को दुमका प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गाँवों में संचालित झारखण्ड जलछाजन योजना का निरीक्षण किया। उप विकास आयुक्त द्वारा दुमका प्रखंड के पंचायत- घासीपुर अन्तर्गत ग्राम चापुड़िया में निर्मित ड्रम चेक डैम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में योजना स्थल पर योजना-पट्ट लगाने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा ड्रम चेक डैम का फिनिशिंग कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कनीय अभियंता अनुपस्थित पाये गये जिनका आज का मानदेय कटौती करने एवं अगले आदेश तक मानदेय भुगतान पर रोक लगाने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा झारखण्ड जलछाजन योजना अन्तर्गत प्रखण्ड- दुमका के ग्राम-धमना में निर्मित अर्देन चेक डैम अर्थन चेक डेम ग्राम चापुड़िया में निर्मित लूज बोल्डर स्ट्रक्चर एवं प्रक्रियाधीन कार्यों का विडियो बनाकर कार्यालय में दिखाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि कार्य गुणवर्त्तापूर्ण नहीं होने की स्थिति में भुगतान की राशि में कटौती की जाएगी साथ हीं संबंधित एजेंसी के विरूद्ध नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के साथ जिला तकनीकी विशेषज्ञ जितेन मालपहाड़िया उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने कुलपति को पीएचडी नामांकन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कुलपति ने दिया अश्वसान, जल्द लेगें संज्ञान**



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** दिसंबर 2024 यूजीसी नेट के परीक्षा फल घोषित होने के बाद सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के विभिन्न विभागों संताली विभाग, वाणिज्य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, अंग्रेजी विभाग से उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने मिलकर कुलपति को पीएचडी नामांकन के लिए ज्ञापन सौंपा और दिए गए ज्ञापन में उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों ने बताया कि 2022 में नामांकन के बाद पीएचडी नामांकन नहीं निकली है, साथ में यह भी बताया कि संताल परगना प्रमंडल एक पिछड़ा एवं आर्थिक स्थिति से मजबूत क्षेत्र नहीं है। जिसके कारण यहां के विद्यार्थी उच्च शिक्षण प्राप्ति के लिए दूसरे विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए आर्थिक रूप असमर्थ है और साथ में यह भी उल्लेख करते हुए बताया, कि जेआरएफ उत्तीर्ण विद्यार्थियों के पीएचडी नामांकन अवसर समाप्त हो जाएगा जो कि बहुत दुख की बात है। इस विषय में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन संज्ञान के प्रति बहुत ही जल्द कार्रवाई करेंगे। मौके पर जेआरएफ उत्तीर्ण विद्यार्थी जितेश टुडू, प्रीतम मुर्मू, मनोज मुर्मू, सचिन कुमार सोरेन, माइकल सोरेन, कुलदीप सोरेन, देवलाल मुर्मू समित अनेकों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## संत जेवियर्स कॉलेज में मना संथाल मिशन शताब्दी जयंती समारोह

**संवाददाता**

**जामा ।** संत जेवियर्स कॉलेज, महारो परिसर में शनिवार को संथाल मिशन की शताब्दी जयंती समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। जिसमें संथाल परगना में ईसाई मिशनरी सेवा के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर दुमका, रायगंज और पूर्णिया प्रांतों से हजारों श्रद्धालु, पादरी और गणमान्य लोग पिछली शताब्दी में इस क्षेत्र में मिशनरियों के गहन योगदान को याद करने के लिए एकत्र हुए।

इस कार्यक्रम में भारत और नेपाल के अपोस्टोलिक नन्सियो आर्कबिशप लियोपोल्डो गिरेली पवित्र मास के मुख्य समारोहकर्ता के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ पोसा (दक्षिण एशिया क्षेत्र) के प्रमुख फादर जेरोम स्टैनिस्लॉस डिसूजा और बिशप जूलियास मरांडी के साथ 38 अन्य बिशप भी शामिल हुए। भव्य यूचरिस्टिक समारोह गहन आध्यात्मिक चिंतन और कृतज्ञता का क्षण था, क्योंकि संथाल परगना में आस्था और मिशनरी सेवा के निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की गई।

एक सदी पहले शुरू हुए इस मिशन ने



शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सुधारों के माध्यम से संथाल समुदाय के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम उन शुरुआती मिशनरियों की यात्रा पर विचार करने का अवसर था, जिन्होंने स्वदेशी लोगों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। शिक्षा, सामाजिक कल्याण और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के क्षेत्र में उनके योगदान ने इस क्षेत्र पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है।

पवित्र मास के बाद, संथाल मिशन के समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदर्शनों में पहले मिशनरियों की यात्रा, उनके संघर्ष और समुदाय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाया गया। विभिन्न संथाली सांस्कृतिक नृत्यों का प्रदर्शन किया गया, जिसने समारोह में जीवंतता ला दी और स्वदेशी विरासत का सम्मान किया।

## लिटल मैगजीन मेला में भाषाई संगठन के राज्य सचिव को किया सम्मानित

**दुमका ।** धनबाद के लिंडसे क्लब परिसर में शुक्रवार के अपराह्न में शिल्पे अनन्या साहित्य पत्रिका की ओर से तीन दिवसीय लघु पत्रिका मेला शुरू हुई । पत्रिका के संपादक व मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार



सेन एवं भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशीनाथ चटर्जी के द्वारा मेला में लेखक, कवि ,साहित्यिक एवं भाषाई संगठन के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र एवं ममेंटो देकर सम्मानित किया गया है। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव ने बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति के सचिव गौतम चटर्जी को बांग्ला भाषा की विकास को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सम्मानित किया है। मेला में 14 राज्य के 70 लेखक कवि साहित्यिक भाग ले रहा है । मेला में बिहार बंगाली समिति का बुक स्टाल ,सुतापा साहित्य गोष्ठी का स्टाल ,योधन पत्रिका का स्टाल ,त्रिपुरा के स भूमि स्टाल , के साथ ज्ञान विज्ञान समिति के विभिन्न बुक स्टाल में पुस्तक प्रेमियों का भीड़ देखा गया ।कार्यक्रम का मंच संचालन वर्णाली गुप्त ने की है।कार्यक्रम में गौतम के साथ संपादक सह शोधार्थी संजय पाल ,अध्यापक सह भाषा सैनिक डॉ तन्मय वीर ,पार्थ सारथी चक्रवर्ती ,पूर्णिया के लेखिका चैताली सान्याल, अजय सान्याल ,भागलपुर के अंजन भट्टाचार्य ने विषय आधारित गोष्ठी को संबोधित किया है।

## योगानंद सरकार के निधन पर शोक

**रानीश्वर ।** कांग्रेस दल के कद्दावर नेता सह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष योगानंद सरकार का शनिवार को सिउड़ी के अस्पताल में निधन हो गया है ।उनके निधन से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है ।निधन की समाचार पा कर विभिन्न राजनीतिक दल के कार्यकर्ता , समाज कर्मी उनके अंतिम दर्शन के लिये उनका सुखजोड़ा के आवास पहुंचा था । झामुमो के अशोक गोराई ने योगानंद के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है । तसरकाटा गांव के कई कांग्रेस कार्यकर्ता शोक व्यक्त किया है ।

## पंचायत सचिव के साथ मारपीट व छिनतई

**शिकारीपाड़ा।** शिवतल्ला पंचायत के मेनकाडीह में पंचायत सचिव के साथ मारपीट व छिनताई की शिकायत थाना मे की गई है। अपनी शिकायत में पंचायत सचिव गौतम कुमार ने बताया आज मेनकाडीह मे आवास संबंधी सर्वे कार्य के लिए गया था जहां सलीम अंसारी नामक व्यक्ति ने उसे रोक कर कॉलर पकड़ कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की बात कहते हुए मारपीट करने लगा,इस के दौरान जेब से 5000 एवं गले में सोने का चैन आदि की छिनताई कर ली। मारपीट के दौरान पंचायत सचिव के कपड़े फाड़ दिए गए मुंह से रक्त स्राव होने पर आसपास के ग्रामीणों की मदद से बचाया गया। पंचायत सचिव गौतम कुमार ने बताया इस संबंध में इसकी शिकायत शिकारीपाड़ा थाना में की गई है। उक्त संबंध में जानकारी के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने पर फोन नहीं उठाए।

# मुस्लिमों का पवित्र माह रमजान आज से शुरू

**संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा (दुमका) ।** मुस्लिमों का पवित्र माह रमजान का आज से शुरू हो गया है इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग रोजे रखेंगे और खूब इबादत करेंगे रमजान की शुरुआत चांद दिखने के बाद से ही किया जाता हैं। इस साल रमजान 2 मार्च यानी आज से शुरू है यह इस्लामी कैलेंडर का 9वें और सबसे पवित्र महीना माना जाता है इस दौरान रोजेदार सूर्योदय से पहले सेहरी करते हैं और सूर्यास्त के बाद इफ्तार करते हैं। रमजान सिर्फ उपवास का महीना नहीं है यह अल्लाह की इबादत का खास महीना है इस महीने में मुसलमान पांच वक्त की नमाज के अलावा तरावीह और तहज्जुद की नमाज भी अदा करते हैं। रमजान में नेक कामों का महत्व बढ़ जाता है जैसे सदका, खैरात, जकात निकाल कर लोग गरीबों की मदद करते हैं और कुरआन की तिलावत, सदका और खैरात के जरिए अल्लाह की रहमत हासिल करने की कोशिश करते हैं लोगों को चाहिए कि इस महीने में बुरी आदतों से दूर रहकर नेक कामों पर ध्यान देना चाहिए रमजान में एक खूबसूरत संदेश दूसरों की मदद करने का भी है जकात और सदके की हिदायत उन लोगों की मदद का जरिया है जो आर्थिक तंगी से गुजर बसर जीवन गुजार रहे हैं उन यतीमों,गरीबों के कांधे का मजबूत सहारा है जिनके सिर से मां बाप की नेमत को हटा लिया गया हो जिस तरह हर मुसलमान के लिए रोजों को फर्ज किया गया है उसी तरह हर सम्पन्न मुस्लिम पर सदका और जकात लाजिमी है ताकि रमजान की रौनक से गरीबों की मदद हो सके रमजान की बरकत है कि ईद आने पर मुरझाए हुए चेहरों पर खुशियों की रौनक फैल जाती है पड़ोसियों, रिश्तेदारों और समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना इस महीने में उन तमाम लोगों पर फर्ज है जो संपन्न हैं और दूसरों की मदद करने में सक्षम हैं।

**रमजान माह को तीन भागो में बंटा है**

रमज़ान के तीन भाग- पहला-रहमत, दूसरा- मगफ़िरत, तीसरा-जहन्नुम से आज़ादी।

------------

# मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल को लेकर डालसा ने किया कार्यशाला

**संवाददाता**

**दुमका ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेश पर शनिवार को न्याय सदन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार दुमका में जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान मे कार्यशाला का उदघाटन जिला जज प्रथम रमेश चंद्र, जिला जज द्वितीय प्रकाश झा, जिला जज चतुर्थ धर्मेंद्र कुमार सिंह, जिला जज पंचम शत्रुंजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायाधीश




दंडाधिकारी अनूप तिर्की, डालसा सचिव उत्तम सागर राणा, दुमका बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद तथा मुख्यालय डीएसपी इककुट डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अवसर पर व्यवहार न्यायालय, दुमका के सभी न्यायिक दंडाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। इस अवसर पर ज़िला जज द्वितीय, प्रकाश झा ने मोटर दुर्घटना कानूनों में वर्ष 2022 में हुए बदलाव को उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने युवा थाना प्रभारियों से बेहतर करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुराने लोगों से बेहतर आप कर सकते है। उन्होंने कहा कि हर थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी का कर्त्तव्य और कानूनी बाध्यता है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी प्रतिबंध्यता और कानूनी घेरे में आ सकते है। जिला जज प्रथम रमेश चंद्र ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिर्वाय है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है। मुआवजा राशि पीड़ित को दिलाने में विलंब होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कई ऐसे भी मामले सामने आये है,जो वर्षो से लंबित है। जिसमें केस की वर्तमान स्थिति से गांव के ग्रामीण अवगत नहीं हैं। मुआवजा राशि देने के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि मुआवजा राशि भुगतान का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार को रोजगार व जीवनयापन के लिए सहायता राशि मुहैया कराना है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संकल्प लेकर यहां से जाने की जरूरत है कि पीड़ित परिवार को सही मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। जो बिना इंशोरेंस कंपनी और पुलिस पदाधिकारी के सहयोग का संभव नहीं हैं। अन्य न्यायिक पदाधिकारी ने भी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686